संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -147 शनिवार, 30 मार्च 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रुपये

# जब सरकार बदलेगी.तब होगी कार्यवाही

## इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इससे पहले कांग्रेस पर 200 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था, पार्टी के बैंक अकाउंट्स भी फ्रीज कर दिया गया

### कांग्रेस को 1800 करोड़ के आईटी नोटिस पर राहुल गांधी ने दी एक्शन की गारंटी



**नई दिल्ली,29 मार्च 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। अकाउंट फ्रिज किए जाने के बाद इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को कांग्रेस को 1823 करोड़ रुपये का नया डिमांड नोटिस जारी किया है। यह डिमांड नोटिस 2017-18 से 2020-21 के लिए है। इसमें जुर्माने के साथ ब्याज भी शामिल हैं। नए नोटिस को लोकसभा चुनाव से पहले नकदी संकट से जूझ रही कांग्रेस के लिए झटका माना जा रहा है। एक दिन पहले 28 मार्च को ही दिल्ली हाईकोर्ट ने टैक्स असेसमेंट को लेकर दायर कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी थी। अब इसे पूरे मामले को लेकर राहुल गांधी ने केंद्र पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने सरकार बदलने पर उचित कार्रवाई की गारंटी भी दी है। कांग्रेस पार्टी को भेजे गए इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के फ्रेश नोटिस पर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया दी। राहुल गांधी ने लिखा, जब सरकार बदलेगी तो 'लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर कार्रवाई ज़रूर होगी।और ऐसी कार्रवाई होगी कि दोबारा फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी, ये सब करने की. ये मेरी गारंटी है.

### इनकम टैक्स ने कांग्रेस पर पहले भी लगाया था 200 करोड़ का जुर्माना

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इससे पहले कांग्रेस पर 200 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। पार्टी के बैंक अकाउंट्स भी फ्रीज कर दिया गया है, जिसके बाद कांग्रेस पहले से ही फंड की कमी का सामना कर रही है। पार्टी को इस मामले में हाईकोर्ट से भी कोई राहत नहीं मिली है, जिसके बाद ये सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकती है। कांग्रेस ने बीजेपी पर 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले उसे आर्थिक रूप से कमजोर करने के लिए इनकम टैक्स अधिकारियों के इस्तेमाल का आरोप भी लगाया है।


इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का नोटिस मिलने के बाद कांग्रेस ने शुक्रवार दोपहर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें अजय माकन ने दावा किया, कल हमें इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से 1823 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए नोटिस मिला है। ये पांच सालों के टैक्स का नोटिस है। वह तीन और सालों का बना रहे हैं। इस नोटिस में सीताराम केसरी के समय की 35 करोड़ की डिमांड भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जिस मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुर्माने के नोटिस दिए गए हैं, उन्हीं के आधार पर बीजेपी से 4600 करोड़ रुपये की वसूली करनी चाहिए।

### बीजेपी ने भी नहीं दी 42 करोड़ रुपये की जानकारी

अजय माकन ने दावा किया कि 2017-18 में हमारे 14 लाख रुपये के वॉयलेशन के ऊपर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 135 करोड़ रुपये कांग्रेस के बैंक खाते से छीनकर ले गए। 2017-18 में ही बीजेपी को 1 हजार 297 लोगों ने करीब 42 करोड़ रुपये का चंदा दिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने इन लोगों का सिर्फ नाम लिखा और छोड़ दिया। इनकम टैक्स ने इस वॉयलेशन पर अपने आंख पर पट्टी लगा ली, लेकिन हमारे 23 सांसदों और विधायकों ने जो 14 लाख रुपये कैश दिए उसके बेस पर हमारे 135 करोड़ रुपये ले गए। जबकि हमने इसमें नाम पता सबकुछ बताया।

कांग्रेस ने दिल्ली हाईकोर्ट में चार साल (2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21) के लिए इनकम टैक्स रीअसेसमेंट प्रोसीडिंग शुरू करने के खिलाफ याचिका दायर की थी। इससे पहले भी कांग्रेस ने 2014-15 से 2016-17 से असेसमेंट प्रोसीडिंग को चुनौती दी थी। दोनों याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं।

## लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका




### आईटी विभाग ने 1800 करोड़ का रिकवरी नोटिस भेजा

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। इनकम टैक्स विभाग ने कांग्रेस पार्टी को 1800 करोड़ का रिकवरी नोटिस भेजा है। यह नोटिस साल 2017-18 से लेकर 2020-21 के लिए भेजा गया है। जानकारी के अनुसार इनकम टैक्स विभाग की ओर से भेजे नोटिस में टैक्स के साथ ही जुर्माना और ब्याज भी जोड़ा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### यात्री कैब के खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत



**श्रीनगर,29 मार्च 2024 (ए)।** जम्मू-कश्मीर से एक बड़े हादसे की खबर सामने आ रही है। नकारी के मुताबिक, जम्मू से श्रीनगर जा रही एक यात्री कैब रामबन इलाके में हादसे का शिकार हो गई है। कैब रामबन इलाके में बैटरी चश्मा के पास जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गहरी खाई में गिर गई। जानकारी के अनुसार हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई।

### एक व्यक्ति ने की पत्नी और तीन नाबालिग बेटियों की धारदार हथियार से काटकर हत्या




**मोतिहारी,29 मार्च 2024 (ए)।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र में एक महिला और उसकी तीन नाबालिग बेटियों की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप महिला के पति पर लगा है। वह मौके से फरार है। पुलिस के मुताबिक, बावरिया गांव में शुक्रवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर एक घर से एक महिला और तीन बच्चियों का शव बरामद किया गया। सभी की धारदार हथियार से काटकर हत्या की गई है।

### आरजेडी और कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर बनी सहमति



### कांग्रेस के खाते में आई 9 सीटें

**पटना,29 मार्च 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अब बिहार महागठबंधन में सीटों का बंटवारा हो गया है। जहां आरजेडी के हिस्से में 26 सीट आई है। वहीं कांग्रेस 9 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

# मुख्तार अंसारी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई सामने

### कड़ी सुरक्षा के बीच शव गाजीपुर रवाना; आज होगा सुपुर्द-ए-खाक

**बांदा,29 मार्च 2024 (ए)।** माफिया सरगना और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी का शव पोस्टमार्टम के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच बांदा से उसके पैतृक जिले गाजीपुर के लिए रवाना कर दिया गया। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि मुख्तार के शव की पोस्टपार्टम कार्रवाई पांच चिकित्सकों के पैनल ने वीडियो ग्राफी के साथ लगभग दो घंटे में पूरी की। पोस्टमॉर्टम की प्राइमरी रिपोर्ट में मौत की वजह हार्ट अटैक बताई गई है।






इससे पहले मुख्तार अंसारी का पुत्र उमर अंसारी , दो भतीजों के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे और पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करने में शामिल रहे। जिसके बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू हुई। मुख्तार का शव पोस्टमार्टम के बाद उसके पुत्र उमर अंसारी के सुपुर्द किया गया और शव को लगभग 26 वाहनों के साथ पूर्व में तय मार्गो से उसके पैतृक स्थल गाजीपुर जिले के लिए कड़ी सुरक्षा के साथ रवाना किया गया। यहां शनिवार को काली बाग कब्रिस्तान में उसे सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

# कांग्रेस द्वारा महतारियों' को एक लाख रुपए देने का वादा

» 'नारी न्याय योजना' का फॉर्म भरना शुरू

» नारी न्याय गारंटी' के तहत कांग्रेस की 5 घोषणाएं

**रायपुर,29 मार्च 2024 (ए)।** नारी न्याय योजना के तहत कांग्रेस का वादा है कि उनकी केंद्र में सरकार बनते ही महिलाओं के लिए इस योजना की शुरुआत की जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना है, कांग्रेस आज 'नारी न्याय गारंटी' की घोषणा कर रही है। इसके तहत पार्टी देश में महिलाओं के लिए नया एजेंडा तय करने जा रही है। 'नारी न्याय गारंटी' के तहत कांग्रेस 5 घोषणाएं कर रही है। पहला, महालक्ष्मी गारंटी इसके तहत हर गरीब परिवार की एक-एक महिला को सालाना 1 लाख रुपये की मदद दी जाएगी।

छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी की सरकार बनने के बाद महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना की शुरुआत की है। जिसके तहत हर महीने महिलाओं के खाते में एक हजार रुपए डाले जाते हैं। अब महतारी वंदन योजना को टक्कर देने के लिए कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में बड़ा दांव खेला है। दरअसल, कुछ दिन पहले कांग्रेस ने ऐलान किया था कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही 'नारी न्याय योजना' की शुरुआत की जाएगी।



केंद्र सरकार के स्तर पर होने वाली नई भर्तियों में आधे से ज्यादा पर महिलाओं का अधिकार होगा। तीसरा, शक्ति का सम्मान इसके तहत आंगनवाड़ी, आशा और मध्याह्न भोजन कार्यकर्ताओं की मासिक आय में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना किया जाएगा। चौथा, अधिकार मैत्री इसके तहत महिलाओं के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए हर पंचायत में एक पैरालीगल नियुक्त किया जाएगा। उनके अधिकार और उनकी मदद करें। पांचवां, सावित्रीबाई फुले छात्रावास भारत सरकार जिला मुख्यालय पर कामकाजी महिलाओं के लिए कम से कम एक छात्रावास का निर्माण करेगी।

### क्या है कांग्रेस के पांच वादे

**महालक्ष्मी गारंटी**

इस गारंटी के तहत गरीब परिवार की हर एक महिला को सालाना 1 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी।

**आधी आबादी- पूरा हक**

इस गारंटी के तहत केंद्र सरकार की नई नियुक्तियों में महिलाओं को 50 फीसदी हिस्सेदारी/ अधिकार मिलेंगे।

**शक्ति का सम्मान**

आंगनवाड़ी, आशा और मिड डे मील कार्यकर्ताओं के मासिक वेतन में केंद्र सरकार का दोगुना योगदान देगी।

**अधिकार मैत्री**

महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और जरूरी सहायता देने के लिए प्रत्येक पंचायत में अधिकार मैत्री के रूप में एक पैरा-लीगल यानी कानूनी सहायक की नियुक्ति की जाएगी।

**सावित्री बाई फुले छात्रावास**

भारत सरकार देश भर के सभी जिला मुख्यालयों में कम से कम एक कामकाजी महिला हॉस्टल बनाएगी. देश भर में इन छात्रावासों को दोगुना किया जाएगा।

# करोड़ों की मालकिन भाजपा प्रत्याशी के पास नहीं है खुद की कार



**नई दिल्ली,29 मार्च 2024 (ए)।** चुनाव के समय नेताओं की ओर से दिए गए शपथ पत्र में उनकी संपत्ति का खुलासा होता है। नागौर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी ज्योति मिर्धा ने अपना नामांकन दाखिल किया है । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी नामांकन सभा में शामिल हुए। ज्योति मिर्धा की ओर से दिए गए चुनावी शपथ पत्र से पता चला है कि वे 126 करोड़ रुपए की मालकिन हैं। सुरक्षा के लिहाज से उन्होंने एक रिवॉल्वर भी ले रखा है लेकिन उनके पास कोई वाहन नहीं है। नागौर सीट से भरे गए नामांकन पत्र में ज्योति मिर्धा द्वारा दिए गए संपत्ति के ब्योरे में इस बात का खुलासा हुआ है।

### अचल संपत्ति में ज्योति अपने पति से आगे

चुनावी शपथ पत्र के मुताबिक उनके पास 4.23 करोड़ की चल संपत्ति है जबकि 54.86 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। 1.61 करोड़ रुपए की कीमत के 2.7 किलो के गोल्ड आभूषण भी हैं। ज्योति के तीन बैंक खातों में 57.95 लाख रुपए जमा हैं जबकि 1.70 लाख रुपए नकद हैं। ज्योति मिर्धा के पास चल संपत्ति उनके पति से कम है। ज्योति के पास 4.23 करोड़ रुपए और उनके पति के पास 31.84 करोड़ रुपए की चल संपत्ति है। अचल संपत्ति में ज्योति अपने पति से आगे है।

ज्योति के पास 54.86 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है जबकि उनके पति के पास 35.50 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। ज्योति ने अपने पति से 19.84 करोड़ रुपए का कर्ज भी ले रखा है जबकि उनके पति पर 16.59 करोड़ रुपए का कर्जा है। शपथ पत्र के मुताबिक ज्योति के पास कोई गाड़ी नहीं है। ज्योति मिर्धा के पास जोधपुर में 10 बीघा जमीन में से 50 फीसदी हिस्सा है। जयपुर के सिरसी रोड पर स्थित 7 बीघा 3 बिस्वा जमीन में से भी आधा हिस्सा ज्योति का है। गुरुग्राम के रायसीना गांव में 2 एकड़ कृषि भूमि है जबकि कनक वृंदावन में 2 प्लॉट, नागौर जिले के कुचेरा कस्बे में प्लॉट, गुरुग्राम में एक और नागौर शहर में 4 प्लॉट हैं। मुंबई के इंडिया बुल्स स्काई फॉरेस्ट में भी दो फ्लैट ज्योति के नाम हैं।

## विधायक राजू पाल के हत्यारों को उम्रकैद की सजा

**लखनऊ,29 मार्च 2024 (ए)।** बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के सात दोषियों को सीबीआई लखनऊ की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इन दोषियों में माफिया अतीक अहमद के तीन शॉर्प शूटर फरहान, आबिद और अब्दुल कवि भी शामिल हैं। इसके अलावा जावेद, इसरार, रंजीत पाल और गुल हसन को भी कोर्ट ने सजा सुनाई है। इनमें 6 को उम्रकैद और एक को 4 साल की सजा सुनाई गई है। हत्याकांड के दो दोषियों माफिया अतीक अहमद और अशरफ की मौत हो चुकी है।



# अमरूद मुआवजा घोटाला मामले में 3.89 करोड़ की नकदी जब्त

**चंडीगढ़,29 मार्च 2024 (ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अमरूद मुआवजा घोटाले में इसी हफ्ते में जो छापेमारी की थी उसके तहत करीब 3.89 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई है। यह छापेमारी फिरोजपुर, मोहाली, बठिंडा, बर नाला, पटियाला और चंडीगढ़ में की गई थी। नकदी के अलावा आपत्तिजनक साक्ष्य, संपत्ति के दस्तावेज, मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। ध्यान रहे कि ईडी ने विभिन्न जगहों पर यह छापेमारी ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (गमाडा) की ओर से एक्वायर की जाने वाली जमीन पर फर्जी तरीके से अमरूदों के बाग दिखाकर करोड़ों रुपये का मुआवजा हासिल करने के चलते आइएएस अधिकारियों, बागवानी विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों, प्रापर्टी डीलरों, सरपंचों, पंचों, पटवारियों, सीए के घरों पर की गई। मामला 2016 का है जब ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमएडीए) ने आईटी सिटी के पास एयरोट्रोपोलिस आवासीय परियोजना और उसी जिले में एक एयरोसिटी स्थापित करने के लिए एसएएस नगर (मोहाली) के विभिन्न गांवों की भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की थी।




# सुप्रिया श्रीनेत के विवादित पोस्ट पर बरसीं कंगना रनौत

**मंडी,29 मार्च 2024 (ए)।** हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत द्वारा उन पर दिए गए विवादित बयान को लेकर चुनावी सभा के दौरान पलटवार किया। उन्होंने कहा कि मंडी की बहन-बेटियों के बारे में इस तरह की सोच रखना कितनी नीचता की बात है।कंगना रनौत ने एक रैली में कहा, मुझे सौभाग्य मिला, मेरी प्रसन्नता की कोई सीमा ही नहीं है। अपने घर, अपने लोग, अपने देश वापस आकर कौन खुश नहीं होगा। लेकिन कांग्रेस को ये खुशी नहीं भाई। उन्होंने अपनी कुराजनीति शुरू कर दी। उनके नेता राहुल गांधी कहते हैं कि हिंदुओं में जो शक्ति होती है उसे मुझे नष्ट करना है, वह इस तरह की बातें करते हैं।÷सुप्रिया श्रीनेत के बयान पर



कंगना रनौत ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस की प्रवक्ता कहती हैं कि मंडी में जो लड़कियां हैं उनके भाव क्या चल रहे हैं। इस तरह की नीच और अभद्र बातें सुनकर किसका दिल नहीं घबराएगा। वो मंडी जहां ऋषि पराशर ने इतनी तपस्या की, वो मंडी जहां शिवरात्रि का सबसे बड़ा मेला लगता है। मंडी की बहन-बेटियों के बारे में इस तरह की सोच रखना कितनी नीचता की बात है। लेकिन इनसे क्या उम्मीद की जा सकती है।

# बच्ची के गले में फंसा सिक्का,हुई मौत

**सुपौल,29 मार्च 2024 (ए)।** सुपौल में निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई.। इसके बाद परिजनों ने हंगामा किया। सूचना पर पहुंची राघोपुर पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का भरोसा देकर मामले को शांत कराया। वहीं, बच्ची की मौत के बाद डॉक्टर समेत हॉस्पिटल के सभी कर्मी फरार हो गए। बच्ची के परिजन ने डॉक्टर पर लापरवाही की वजह से मौत का आरोप लगाया है। मामला राघोपुर थाना क्षेत्र के सिमराही बाजार स्थित साई हॉस्पिटल का है। मृतक बच्ची की पहचान जिले के बीरपुर थाना अंतर्गत बेरिया कमाल लालपुर के रहने वाले नौशाद आलम की 6 वर्षीय बेटी फायजा परवीन के रूप में हुई है।



मृतक के परिजन नजीर ने बताया कि खेलने के दौरान बच्ची फायजा परवीन ने दो रुपये के सिक्के को निगल लिया। परिजन ने दो दिन बाद गुरुवार की शाम सिमराही बाजार स्थित साईं नर्सिंग होम में भर्ती कराया. साईं नर्सिंग होम में एक्स-रे रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर विनोद कुमार मेहता ने ऑपरेशन करने की सलाह दी। इसके बाद ऑपरेशन के एवज में 10 हजार रुपये काउंटर पर पहले ही जमा कर ली गई। गुरुवार की रात ऑपरेशन होने के बाद 2 रुपये के सिक्के को निकाल लिया गया। जब परिजन बच्ची से मिलने की इच्छा जताई, तो डॉक्टरों ने कहा कि सीरियस हो गया है और इसे बाहर ले जाइए। फिर डॉक्टर ने कमरे को बंद कर लिया। इसके बाद परिजनों ने डॉक्टर और अस्पताल कर्मियों के दुर्व्यवहार से तंग आकर हंगामा शुरू कर दिया और डॉक्टर के चेबर को तोड़ने लगे। परिजन जब अंदर जाकर देखा, तो उसके मासूम बच्ची की मौत हो चुकी थी।

# उज्जैन महाकाल मंदिर में लागू होगा सोमनाथ की तर्ज पर नए नियम

### गर्भगृह अग्निकांड के बाद बदलाव की तैयारी

**उज्जैन,29 मार्च 2024 (ए)।** मध्यप्रदेश उज्जैन के महाकाल मंदिर में होली पर गर्भगृह में हुए अग्निकांड के बाद प्रशासन मंदिर में दर्शनों के लिए नए नियम तैयार कर रहा है। नए नियमों के मुताबिक मंदिर में अब सोमनाथ मंदिर की तर्ज पर आरती, श्रृंगार, भोग व पूजन सहित जल चढ़ाने के लिए गर्भगृह में जाने वाले पंडे-पुजारियों की संख्या तय होगी। बताया जा रहा है कि समिति भस्म आरती व वीआईपी दर्शन में कोटा सिस्टम भी खत्म किया जाएगा।

### रंग, गुलाल उड़ाने पर प्रतिबंध

रिपोर्ट के मुताबिक मंदिर के गर्भगृह में हुए अग्निकांड की जांच में पाया गया है कि हादसे के वक्त गर्भगृह में निर्धारित संख्या से अधिक लोगों की मौजूदगी थी तथा नंदी हाल में अत्यधिक रंगों का उपयोग हुआ था। ऐसा माना जा रहा है कि आग लगने का कारण



कैमिकलयुक्त रंग भी हो सकते हैं। जांच में यह भी अंदेशा जताया जा रहा है कि कैमिकलयुक्त गुलाल का उपयोग गर्भगृह में खड़े पुजारियों में से ही किसी ने किया था।

प्रारंभिक जांच के बाद मंदिर समिति ने मंदिर में रंग, गुलाल उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। समिति द्वारा जारी की गई नई गाइड लाइन के मुताबिक केवल पुजारी ही भगवान महाकाल को प्रतीकात्मक रूप से टेसू के फूलों से बना प्राकृतिक रंग अर्पित कर पाएंगे। इसके अलावा रंगपंचमी पर भस्म आरती दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु अपने साथ रंग, गुलाल लेकर मंदिर नहीं आ सकेंगे।

# इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा शुक्रवार,तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,29 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

तापमान का पारा धीरे-धीरे बढना शुरू हो गया है। वहीं शुक्रवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म रहा। पहली बार अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री के करीब रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 19.3 डिग्री रहा।

मौसम वैज्ञानिक एएम भट्ट ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ भारत की ओर अग्रसर है। वर्तमान में यह विक्षोभ एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में अफगानिस्तान के ऊपर सक्रिय है। चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिमोत्तर राजस्थान पर बना हुआ है जबकि एक अन्य चक्रवाती परिसंचरण पश्चिमी मध्यप्रदेश पर भी देखा जा रहा है। इनके प्रभाव से उत्तरी-पश्चिमोत्तरी राज्यों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। आने वाले तीन दिनों में विक्षोभ के आगे बढने के साथ उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, झारखण्ड, विदर्भ सहित छत्तीसगढ़ में भी बादलों के घनत्व के बढने और कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा के साथ ओलावृष्टि की भी संभावना बनी रहेगी। मौसम वैज्ञानिक एएम भट्ट ने बताया कि मार्च महीने का मात्र दो दिन ही शेष बचा है। इस समय तापमान में वृद्धि होने लगती है। वहीं 20 मार्च के करीब संभाग के कई स्थानों पर ओलावृष्ठि व बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई थी। मौसम साफ होते ही तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि गुरुवार अम्बिकापुर नगर का अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री दर्ज किया गया था। जो दैनिक सामान्य अधिकतम से 1.5 अधिक था। शुक्रवार को भी अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री के करीब रहा वर्तमान सीजन का उच्चतम तापमान रहा। जो सामान्य से 2 से 3 डिग्री अधिक है। जबकि शनिवार से अगले तीन दिनों तक विक्षोभ के प्रभाव से बादलों की उपस्थिति के कारण तापमान में गिरावट दर्ज होने का अनुमान है।

# स्कूल के सामने से अपहरण कर नाबालिग छात्रा से बलात्कार,आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 29 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

स्कूल के सामने से नाबालिग छात्रा का अपहरण कर बलात्कार करने के मामले में लुण्ड्रा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना 9 मार्च की है। पुलिस ने आरोपी को 20 दिन बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



जानकारी के अनुसार नाबालिग छात्रा 9 मार्च की सुबह 11 बजे स्कूल गई थी। लेकिन स्कूल के अंदर वह नहीं प्रवेश की। उसका बैग स्कूल के बाहर गेट के पास फेंका हुआ था। स्कूल के फादर ने फोन कर परिजन को बताया कि छात्रा का बैग स्कूल के बाहर फेंका हुआ है। क्या वह स्कूल आई थी कि नहीं। परिजन ने स्कूल जाने की बात बताई। सूचना पर छात्रा की मां उसे खोजने निकली। इसी बीच दोपहर दो बजे एक युवक बाइक से छात्रा को स्कूल के सामने छोडक़र भाग गया। इसके बाद छात्रा ने परिजन को बताया कि एक लडक़ा उसे जान से मारने की धमकी देकर जबरन स्कूल के पास से बाइक में बैठाकर करौली नहर के पास झाड़ी में ले गया और उसके साथ बलात्कार किया। इस दौरान पीड़िता के चिल्लाने पर उसे स्कूल के पास छोडक़र युवक भाग गया। मामले की रिपोर्ट पीड़िता की मां ने लुण्ड्रा थाना में दर्ज कराई थी। पीड़िता की मां की रिपोर्ट पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। मुखबिर एवं तकनीकी जानकारी से आरोपी के संबंध में कोरिया, पटना, बिश्रामपुर, प्रतापपुर शंकरगढ़, बलरामपुर व अन्य संभावित जगहों पर रहने की जानकारी मिल रही थी। लेकिन आरोपी द्वारा बार-बार जगह बदलने के कारण पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर पा रहा था। इसी क्रम में पुलिस को जानकारी मिली की आरोपी ग्राम लाउ राजपुर में है। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी संदीप उर्फ पिन्टू तुरी पिता नान्हू तुरी उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम आमगांव, थाना लुण्ड्रा के खिलाफ धारा पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# गुड फाइडे पर मसीही समाज ने प्रभु यीशु के दुःखभोग के पलों को किया याद





**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,29 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

मसीही समाज पवित्र सप्ताह गुडफ्राइडे के दिन यीशु को क्रूसित कर सूली पर चढ़ाये जाने के दिन को याद कर भक्ति आराधना में लीन हैं। गुड फ्राइडे के अवसर पर संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर के नवापारा स्थित बेदाग इशमाता महागिरजाघर में परम्परागत ढंग से विविध धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए।

पवित्र शुक्रवार के दिन बिशप अंतोनिस बड़ा ,फादर विलियम उर्रे व पल्ली पुरोहित फादर जार्ज ग्रे कुजूर की अगुवाई में समस्त धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ हुए।

आज के दिन ही राजा पिलातयूस ने प्रभु यीशु को मृत्यु दण्ड की सजा सुनाकर यीशु के ही कंधे पर क्रूस लादकर उन्हें कलवारी पहाड़ ले जाने का आदेश दिया था और उन्हें सूली पर चढ़ा दिया गया था। प्रभु यीशु ने जिस तरह दुखभोग किया उन्हीं पलों को याद कर दोपहर 2 बजे से क्रूस रास्ता कार्यक्रम बिशप हाउस फादर्स व उर्सुलाइन सिस्टर्स की अगुवाई में सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात बिशप ने पवित्र शुक्रवार विशेष धर्मविधि के अनुष्ठानों को सम्पन्न कराते हुए कहा कि आज का दिन मानव मुक्ति के लिए यीशु के बलिदान का दिन है। यीशु ने तो अपना शरीर व रक्त भी हमें समर्पित कर हमारी मुक्ति के रास्ते खोल दिये। पवित्र आत्मा हमें प्रेरणा देता है। प्रभु हमें अयोग्य होने पर भी कितना चाहते हैं। इस दौरान पवित्र बाइबिल से दो पाठ का वाचन युवा संघ के अनुप टोप्पो व अंजली एक्का द्वारा किया गया। प्रभु येशु के दुखभोग कथा का वाचन सेंट जेवियर समुदाय ने कर उन पलों को स्मरण किया गया। बीच-बीच में भक्तिमय गीतों की मनमोहक प्रस्तुति संत अन्ना सिस्टर्स की टीम भक्तों के बीच माहौल को दुख भोगमय बना रहीं थीं। इस अवसर इस अवसर पर राजेन्द्र तिग्गा, बीरेंद्र टोप्पो,जगजीत मिंज, अजय अरुण मिंज, डॉ. युगल कुजूर, भानु खलखो फादर अविरा, फादर अमृत टोप्पो, फादर कल्यानुस, फादर अनुरंज, फादर मुक्ति फादर पीटर, संत अन्ना सिस्टर्स, होलीक्रास सिस्टर्स उर्सुलाइन सिस्टर्स व बड़ी संख्या में मसीहिजन उपस्थित थे।



# 540 ग्राम गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**- संवाददाता -**

**अंबिकापुर, 29 मार्च 2024 (घटती-घटना)।** कोतवाली पुलिस ने गांजा बिक्री किए जाने के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला अपने घर के मिट्टी के चुल्हे में राख से ढक कर 540 ग्राम गांजा रखी थी। जिसे पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार 28 मार्च को कोतवाली पुलिस को जानकारी मिली की पूर्व में चालान हुए रनपुरखुर्द निवासी मो. सफर अपनी पत्नी मजीदा खातून से गांजे का अवैध कारोबार करा रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस महिला के घर पहुंची। महिला अपने घर में बने मिट्टी के चुल्हे में राख से ढक कर 540 ग्राम गांजा रखी थी। जिसे पुलिस ने जब्त कर आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के खिलाफ धारा 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



# युवक की जंगल में पचास फीट ऊपर पेड़ पर लटकी हुई मिली लाश

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,29 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

गांधीनगर थाना क्षेत्र के खलिबा जंगल में शुक्रवार को एक युवक का पेड़ पर फांसी से लटकी लाश मिली है। युवक का शव करीब 50 फीट ऊपर लटक रहा था। सूचना पर पहुंची गांधीनगर पुलिस ने शव उतरवाकर आगे की प्रक्रिया पूरी की। लुंड्रा विकासखंड के धौरपुर थाना क्षेत्र निवासी 32 वर्षीय टकेश्वर मरावी की शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खलिबा में ससुराल है। उसकी पत्नी मायके में ही थी। 27 मार्च को वह पत्नी से मिलने ससुराल पहुंचा था। इसी बीच शुक्रवार की सुबह उसकी लाश खलिबा स्थित जंगल में रस्सी के सहारे फांसी पर लटकी मिली। युवक ने साल के पेड़ पर करीब 50 फीट ऊपर चढक़र फांसी लगाई थी। ग्रामीणों की सूचना पर गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव उतरवाकर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। पीएम पश्चात पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया। इस संबंध में एडिशनल एसपी अमोलक सिंह ढिल्लों ने बताया कि मृतक के परिजनों का कहना है कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी। परिजनों द्वारा उसका लंबे समय से इलाज भी कराया जा रहा था। इसी बीच उसने ये कदम उठा लिया।

# महिलाओं को कानूनी प्रावधानों की दी गई जानकारी

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,29 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

पुलिस अधीक्षक सरगुजा के निर्देशन पर सरगुजा पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन विश्वास' के तहत् महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता पर विशेष रूप से कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक किये जा रहे हैं। इसी क्रम में महिला थाना के द्वारा अम्बिकापुर स्थित राजमोहिनी भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें के माध्यम से ''डोर टू डोर'' प्रतिदिन कचरा संग्रहण, पृथ्क्करण एवं प्रबंधन के कार्य में लगी हुई महिला समूह की महिलाऐं उपस्थित




रहीं, जिन्हें महिला संबंधी कानूनी प्रावधानों, लैंगिक उत्पीडन, घरेलू हिंसा, कार्य स्थल पर यौन शोषण, साइबर अपराधों संबंधी जानकारी, महिला सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी एवं उपाय इत्यादि से विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। तथा किसी प्रकार की समस्याऐं उत्पन्न होने की स्थिति में तत्काल पुलिस कण्ट्रोल रूम, पुलिस गुंज टीम, महिला सेल को अवगत कराने के लिए अपील की गई, व पृथक से सम्पर्क नम्बर भी साझा किया गया। महिलाओं को जागरूक करने हेतु महिला संबंधी अपराधों तथा बचाव संबंधी आवश्यक सुझाव से भी अवगत कराया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारी, कार्यकर्तागण एवं समस्त महिलाओं को छतीसगढ़ पुलिस द्वारा जारी महिला सुरक्षा संबंधी ''अभिव्यक्ति एप्प'' डाउनलोड कराकर उपयोग संबंधी जरूरी जानकारियों से भी अवगत कराया गया।

# चाकू लहराने वाले आरोपी को पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर किया गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,29 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

चौकी मोहरसोप पुलिस ने रोड़ पर छुरा (चाकू) लहराकर लोगो को धमकाने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को माहौल खराब करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। इसी कड़ी दिनांक 29.03.2024 को चौकी मोहरसोप पुलिस को सूचना मिला कि ग्राम खोहिर में रोड़ में एक व्यक्ति लोहे का छुरा (चाकू) हाथ में लेकर लहराते हुए राह चलते लोगों को धमकी देकर भयभीत कर रहा है।




अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में चौकी मोहरसोप की पुलिस फौरन मौके पर पहुंची और देवशरण खैरवार पिता गोपीचंद उम्र 19 वर्ष ग्राम खोहिर को घेराबंदी कर पकड़ा और छुरा (चाकू) जप्त कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी मोहरसोप कमलेश पाठक, प्रधान आरक्षक सुंदर लाल, आरक्षक मनोज जायसवाल, विनोद टोप्पो व कमलेश गुर्जर सक्रिय रहे।

# थाना चंदौरा पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,29 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) के निर्देशन में थाना-चौकी की पुलिस नशे के कोराबार से जुड़े लोगों के विरूद्ध लगातार कड़ी कार्यवाही करने में लगी हुई है। इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 28.03.2024 को थाना चंदौरा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि काबेरी ढ़ाबा के संचालक अजय कुमार ग्राम घाट पेण्डारी अपने ढ़ाबा स्टोर रूम और काउन्टर टेबल के पास अवैध मादक पदार्थ डोडा एवं शराब रखकर ढ़ाबा में आने-जाने वालों को बिक्री कर रहा है।



**» ढ़ाबा से 17 किलो मादक पदार्थ डोडा, 66 लीटर महुआ शराब व 12 पाव अंग्रेजी शराब जप्त**

सूचना मिलने के फौरन बाद थाना चंदौरा पुलिस काबेरी ढ़ाबा पहुंची जहां विधि के अनुसार मुस्तैदी से ढ़ाबा की घेराबंदी कर ढ़ाबा की तलाशी ली गई जहां से 17 किलो मादक पदार्थ डोडा जिसकी बाजारू कीमत करीब 1 लाख रूपये, पानी बॉटल व प्लास्टिक के जरकिन में रखा 66 लीटर महुआ शराब कीमत 9900 रूपये तथा 12 पाव गोवा विस्की अंग्रेजी शराब कीमत 1440 रूपये कुल कीमत 1 लाख 11 हजार 340 रूपये का जप्त कर धारा 15 एनडीपीएस एक्ट तथा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी अजय कुमार उम्र 42 वर्ष निवासी घाटपेण्डारी थाना चंदौरा को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंदौरा प्रदीप सिदार, एएसआई हीरालाल साहू, प्रधान आरक्षक शैलेष सिंह, राहुल गुप्ता, रामाधीन श्यामले, अनिल कुजूर, महेन्द्र पटेल, उदय सिंह, आरक्षक सोहर सिंह, प्रवीण मिश्रा, रविन्द्र जायसवाल व अनिरूद्ध पैंकरा सक्रिय रहे।

# सोनवाही जंगल में स्कूटी सवार दो महिलाओं से लूट करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,29 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

दिनांक 28.03.24 को ग्राम गजाधरपुर निवासी कांती देवी ने चौकी लटोरी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 मार्च को अपनी लड़की के साथ स्कूटी से गांधीनगर अम्बिकापुर पकड़ा दुकान गए थे जहां से खरीददारी कर वापस घर गजाधरपुर आ रहे थे दोपहर में सोनवाही जंगल के पास पहुंचे थे कि इन लोगों के पीछे से दो अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल में आए और बोले कि रूको, तब डरकर यह रूक गए उसी दौरान दोनों व्यक्ति बोले कि झोला चेक कराओ क्या है इसमें कहते हुए झोला छीन लिए तथा झोला में रखा 2 नग पर्स जिसमें 4200 रूपये थे उसे छीनकर मोटर सायकल से दोनों अम्बिकापुर की ओर भाग गए, लड़की अम्बिकापुर की ओर सड़क पर स्कूटी से पीछा भी की जो दोनों भाग निकले। प्रार्थियां की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 392, 34 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।




मामले की सूचना मिलते ही उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने अज्ञात आरोपियों की गंभीरतापूर्वक पतासाजी कर पकड़ने पुलिस टीम को लगाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में चौकी लटोरी पुलिस अज्ञात आरोपियों की पतासाजी में लगी थी इसी बीच मुखबीर की सूचना पर संदेही शहजोर अली पिता अयुब अली उम्र 32 वर्ष निवासी ईरानी मोहल्ला अम्बिकापुर थाना कोतवाली को पकड़ा गया जिसके बाद कार्यपालिक दण्डाधिकारी लटोरी से शिनाख्ती की कार्यवाही कराने पर प्राथिया ने पहचान किया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि घटना दिनांक के दोपहर में हीरो स्पेलडर प्लस मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 सीएस 7142 में एक अन्य व्यक्ति के साथ ग्राम करवां जा रहे थे, अम्बिकापुर बनारस रोड़ में ग्राम सोनवाही जंगल पहुंचे थे तब सामने दो महिला स्कूटी से जा रहे थे जिन्हें आवाज देकर रोकते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिये और लूट की रकम में से 400 रूपये का पेट्रोल डलवाए और शेष राशि को आपस में बाट लिए गया। आरोपी के निशानदेही पर लूट की रकम 1000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर आरोपी शहजोर अली को गिरफ्तार किया गया। मामले में 1 अन्य आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी लटोरी धनंजय पाठक, प्रधान आरक्षक विशाल मिश्रा, आरक्षक अम्बिका मरावी, नंदकिशोर राजवाड़े, उमेश सिंह व महिला आरक्षक मुनेश्री पैंकरा सक्रिय रहे।

# हादसों में खैबर पख्तूनख्वा और कुर्रम में 12 लोगों की मौत,कैसे हुईं दिल दहलाने वाली दुर्घटनाएं






**पेशावर,29 मार्च 2024।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई। एक अन्य हादसा कोयला खदान में हुआ। पुलिस ने बताया कि पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग हादसों मे कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। बुनेर जिले में कथित तौर पर ब्रेक फेल होने के कारण पिकअप ट्रक पहाड़ी रास्तों से गुजरने के दौरान सड़क से फिसलकर नीचे जा गिरा। इस हादसे में पांच महिलाओं और दो बच्चों समेत एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई।

### एक ही परिवार के लोगों की मौत,हादसे के बाद पसरा मातम

पुलिस के मुताबिक पहाड़ी इलाके में तीव्र मोड़ पर ब्रेक फेल होने के बाद वाहन चालक ने कथित तौर पर नियंत्रण खो दिया। बेकाबू वाहन हादसे का शिकार हो गया और आठ लोगों की मौत हो गई। बचाव दल ने स्थानीय लोगों की मदद से शवों को बाहर निकाला। एक अन्य हादसा आदिवासी कुर्रम जिले की कोयला खदान में हुआ। खदान अचानक धंस जाने से एक ही परिवार के चार खनिकों की मौत हो गई।

### खदान हादसे में मरने वाले कोयला खनिक स्वात जिले के निवासी

हादसे के बाद बचाव दल और स्थानीय लोगों ने शवों को खदान से बाहर निकाला और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक कोयला खनिक स्वात जिले के रहने वाले हैं। मृतकों में पिता-पुत्र और दो भाई शामिल हैं।

# अमेरिका ने 27 वर्षों के बाद उठाया बड़ा कदम, नस्ल और नस्ल आधारित वर्गीकरण के तरीके बदले

**न्यूयॉर्क,29 मार्च 2024।** अमेरिका में 27 वर्षों में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब अमेरिकी सरकार नस्ल और नस्ल के आधार पर लोगों के वर्गीकरण के तरीके को बदल रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस बदलाव से सटीक जनगणना में मदद मिलेगी। अमेरिका के प्रबंधन और बजट कार्यालय द्वारा गुरुवार को नस्ल और जातीयता के लिए न्यूनतम श्रेणियों में संशोधन की घोषणा की गई है। यह प्रयास अमेरिका के लोगों को एक समान दर्जा देने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस नियम के संशोधित होने से सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव देखने को मिल सकता है। इसके अलावा इसका मकसद यह है कि अलग अलग समाजों में रह रहे लोग संघीय सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में खुद को देख सकें। इसके लिए एक कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें डेटा इक्विटी की वरिष्ठ निदेशक मीता आनंद ने बताया कि इससे लोग भावनात्मक रूप से प्रभावित होंगे और इस तरह हम खुद को एक समाज के रूप में देख पाएंगे।



### नियमों में क्या संशोधन हुआ?

चलिए आपको बताते हैं कि नस्ल और नस्ल के आधार पर लोगों को वर्गीकृत करने के नियमों में आखिर क्या संशोधन हुए हैं।

पहले नस्ल और जाति के सवाल फॉर्म से अलग से पूछे जाते थे। अब इन सभी सवालों को एक ही फॉर्म में जोड़ दिया गया है।

अब लोगों से अपनी नस्ल या जाति के बारे में बताने के लिए एक ही सवाल पूछा जाएगा। लोग विकल्प की मदद से सवाल का उत्तर दे सकेंगे। जैसे ब्लैक, अमेरिकन इंडियन, हिस्पैनिक, मध्य पूर्वी या उत्तरी अफ्रीकन।

### इसकी जरूरत आखिर क्यों पड़ी?

ऐसा इसलिए क्योंकि हाल ही में एक शोध हुआ था, जिससे पता चला था कि बड़ी संख्या में हिस्पैनिक लोग यह नहीं समझ पाते कि नस्ल के सवाल का जवाब क्या दें। दरअसल अब तक उनसे यह सवाल अलग से पूछा जाता था। इसलिए या तो वह लोग इसका उत्तर ही नहीं देते थे या 'कोई अन्य जाति' का विकल्प चुन लेते थे। अब नए विकल्पों में मध्य पूर्वी और उत्तर अफ्रीकी भी जोड़े जाएंगे। साफ है कि सभी लोगों के पास खुद को पहचानने का विकल्प होगा। ऐसे में जनगणना और भी ज्यादा सटीक हो जाएगी।

आपको बता दें कि अमेरिका में यूरोप, एशिया, अफ्रीकी मूल के लोगों को हिस्पैनिक कहा जाता है। ये लोग अमेरिका में जाकर बस गए थे। साल 2020 की जनगणना के अनुसार करीब 35 लाख लोग मध्य पूर्वी और उत्तरी अफ्रीकी के रूप में पहचान रखते हैं।

### अन्ना एस्कामानी ने क्या कहा?

ऑरलैंडो की डेमोक्रेट और फ्लोरिडा राज्य प्रतिनिधि अन्ना एस्कामानी का कहना है कि यह देखकर अच्छा लगता है कि मेरा परिवार भी अब सफेद बॉक्स पर निशान लगा सकता है। अब तक हमें नहीं पता था कि दूसरा बॉक्स हमारे परिवार को दर्शाता है। दरअसल अन्ना एस्कामानी के माता-पिता ईरान से हैं और कभी उन्हें भी इस समस्या से जूझना पड़ा था। इसलिए एन्ना भी चाहती थीं कि परिवर्तन हो। उन्होंने कहा ये बदलाव नीग्रो, बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक जैसे अपमानजनक कहे जाने वाले शब्दों पर भी प्रहार करेगा।

# आचार संहिता का हो रहा खुलेआम उल्लंघन, प्रशासन बना मूक दर्शक

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर,29 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समूचे देशभर में आदर्श आचार संहिता भारत निर्वाचन आयोग के चुनाव के घोषणा पश्चात लग गई है, परंतु छत्तीसगढ़ राज्य और राज्य के बलरामपुर जिले में आचार संहिता का उल्लंघन सत्ता पक्ष द्वारा लगातार किया जा रहा है और प्रशासन बिल्कुल मूक दर्शक बना हुआ है बलरामपुर जिला प्रशासन के नाक के नीचे होली मिलन और अन्य आयोजन धड़ल्ले से किया जा रहे हैं। जिनकी सूचना प्रशासन को दिए जाने के बाद भी अब तक कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। उक्त आशय की लिखित शिकायत बलरामपुर कांग्रेस प्रवक्ता सुनील सिंह ने की है







प्रवक्ता सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह से मुक बना हुआ है और सारे प्रशासनिक अधिकारी हाथ पर हाथ धरे हुए हैं। मंत्री के गृह क्षेत्र सनावल में आयोजित होली मिलन ने फूड पॉइजनिंग के बाद 400 से अधिक लोगों के बीमार होने के बाद जिला प्रशासन ने इस बात की सुध ली है। होली मिलन समारोह में शामिल हुए लोग बीमार हैं और उन्हें चिकित्सा सुविधा कराई जा रही है परंतु प्रशासन इस हेतु कितना तैयार था यह अस्पताल में पड़े हुए मरीज और उनके परिजनों से कोई भी भली भांति जान सकता है। उन्होंने आरोप लगाया है कि आचार संहिता के उल्लंघन और इस तरह के तमाम मीटिंग सत्ताधारी दल द्वारा बगैर किसी औपचारिकता के लगातार किए जा रहे हैं। कोई भी प्रशासनिक अधिकारी ऐसे आयोजनों की सुध नहीं ले रहा है। वहीं व्यक्तिगत व सामाजिक आयोजनों के लिए लोगों को अनुमति नहीं दी जा रही है। समूचे जिले में धारा 144 लागू है और 5 से अधिक व्यक्तियों के एक जगह एकत्रित होने पर रोक लगा दी गई है। ऐसी दशा में सत्ताधारी दल भाजपा के द्वारा किए जा रहे तमाम आयोजन प्रशासन व कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग और कलेक्टर बलरामपुर को इस विषय पर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करनी चाहिए अन्यथा भविष्य में जिले में कानून और व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती हैं। जिले में इस तरह के सभी आयोजनों पर प्रशासन को अपनी निगाह रखने की आवश्यकता है तथा वर्तमान में होली मिलन समारोह के नाम पर जो घटना हुई है वह सर्वथा निंदनीय है ऐसे आयोजनों पर लगाम लगाने की जरूरत है।

# 30 लीटर महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार



**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,29 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

30 लीटर महुआ शराब के साथ गांधीनगर पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बकिरमा बटुआबुड़ा निवासी जयंती कुजूर महुआ शराब तैयार कर बिक्री करने का काम काफी दिनों से कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर गांधीनगर पुलिस ने शुक्रवार को महिला के घर छापेमारी कर उसके कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत 3 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने महिला के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# दुर्घटना में घायल सीएएफ जवान की मौत

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,29 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

जशपुर जिले के दुलदुला के 13वीं बटालियन बी कंपनी में पदस्थ सीएएफ का जवान 27 मार्च सडक़ दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे जशपुर अस्पताल में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया था। यहां जांच के दौरान 28 मार्च की शाम को चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मुकेश बघेल पिता मोरमुकट बघेल उम्र 38 वर्ष यूपी के सादाबद का रहने वाला था। वह सीएएफ का जवान था और जशपुर जिले के दुलदुला 13वीं बटालियन बी कंपनी में पदस्थ था। 27 मार्च की शाम को बाइक से अपने दोस्त से मिलने गया था। वहां से वह वापस कंपनी लौट रहा था। तभी रास्ते में अनियंत्रित होकर सडक़ पर गिर गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर कंपनी के जवानों ने उसे इलाज के लिए दुलदुला अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए जशपुर अस्पताल रेफर कर दिया। यहां से भी उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर कर दिया गया था। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी में रंगोत्सव होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया









**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,29 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नव विश्व भवन चोपड़ापारा अम्बिकापुर में रंगोत्सव होली का पावन पर्व बहुत हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विवेकानन्द स्कूल के डायरेक्टर स्वामी तन्मयानन्द जी के द्वारा श्री कृष्ण के भजन मधुरम् मधुरम् वदनम मधुरम से हुआ।

होली के इस अवसर पर बच्चों से ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। बड़े लोगो ने भी गीत, भजन गाकर पूरे सभा को अलौकिक खुशियों से भर आनन्दित किया।

इस मौके पर सरगुजा संभाग की संचालिका विद्या दीदी होली पर्व की शुभकामनाएं दी और होली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुये कहा कि जैसे विष्णु भक्त प्रहलाद को विष्णु जी की भक्ति करने के लिये बहुत सारी प्रताड़ना सहन करना पडा, इसी कारण होलिका अपने गोद में प्रहलाद को लेकर अग्नि में बैठ गयी, परन्तु होलिका जल गयी किन्तु प्रहलाद बच गये। ये बात इस बात का प्रतीक है कि बुराई के आगे अच्छाई की विजय होती है, वैसे ही भगवान से प्रेम करने वालो को और अध्यात्म के पथ पर चलने वालों को भी इस संसार, समाज व अपने परिजनों की बहुत सारी बातों का, परेशानियों और बाधाओं को सहन करनी ही पडती है। पर आत्मा के ऊपर जब परमात्मा के ज्ञान का श्रेष्ठ रंग चढ़ जाता है तो उसको दुनिया की कोई भी बातें प्रभावित नहीं करती है, बल्कि वो सदा निश्चिंत रहती है। आगे उन्होंने होली का तीन अर्थ बताते हुये कहा होली माना ही मन, वचन और कर्म से पवित्र बन सभी सुख देना है। 2 हो ली अर्थात् भगवान के हो गये और परमात्मा के प्यार में मगन रहना। 3 होली अर्थात् हो ली जो बात बीत गयी, उसे भूल कर जीवन में आगे बढ़ना।

कांग्रेस किसान प्रदेश उपाध्यक्ष सीतापुर भ्राता शैलेष सिंगदेव जी होली पर्व की बधाई देते हुये कहा भौतिक सुख सुविधाओं का अत्याधिक उपयोग करते- करते मन की वास्तविक खुशी, व शांति ही खत्म हो गयी है और मन को सही डायरेक्शन कैसे मिले यह ज्ञान भी गुम हो गया है, जो मेडिटेशन के द्वारा ही प्राप्त हो सकता है। आगे उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान शुरू होने के कारण हम लोग अपने घर और धर के आस- पड़ोस की साफ सफाई कर देते है किन्तु मन के अन्दर के नकारात्मकता और व्यर्थ के कीचडों को साफ करने का एकमात्र उपाय राजयोग मेडिटेशन के नित्य अभ्यास और विद्या दीदी के सानिध्य से ही खत्म हो सकता है, क्योंकि राजयोग करने से सकारात्मक शक्तियों का संचार होता है, जो मन को अनुशासित रखता है, जिससे जीवन में सुख, शांति और आनन्द की अनुभूति होती है।

होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदाता जागरण के लिये विद्या दीदी ने शपथ ग्रहण कराया।

इस अवसर पर राजपरिवार की बहुरानी त्रिषाला, स्नेहा बहन, राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता भ्राता वी.के. सिंह, समाजिक कार्यकर्ता भ्राता अनिल मिश्रा समाजिक कार्यकर्ता भ्राता मंगल पाण्डे, समाजिक कार्यकर्ता बहन वन्दना दत्ता , समाजिक कार्यकर्ता बहन शिल्पा पाण्डे,एवं शहर के गणमान्य लोगों सहित ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान से जुड़े करीब 500 भाई- बहनें उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन बी.के. प्रतिमा बहन ने किया।

# सरगुजा पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत् यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्यवाही जारी

- **सड़क पर बेतरतीब (अवैध रूप से पार्किंग) खड़ी वाहनों पर की गई व्हील लॉक की कार्यवाही**
- **शहर में ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित न हो इस हेतु की जा रही व्हील लॉक की कार्यवाही**
- **अवैध रूप से पार्किंग के विरूद्ध कुल 01 प्रकरण दर्ज कर 300/- रूपये समन शुल्क किया गया वसूल**
- **ब्लैक फिल्म का प्रयोग करने वाले चालकों पर 01 प्रकरण दर्ज कर 2000/- रूपये समन शुल्क किया गया वसूल**
- **दो पहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले चालकों पर कुल 02 प्रकरण दर्ज कर 1000/- समन शुल्क किया गया वसूल**
- **लापरवाही पूर्वक वाहन चालन पर कुल 03 प्रकरण दर्ज कर 6000/- समन शुल्क किया गया वसूल**
- **अन्य विभिन्न धाराओं के तहत् कार्यवाही करते हुए कुल 115 प्रकरण दर्ज कर कुल 57300/- रुपये समन शुल्क किया गया वसूल**
- **कुल 122 प्रकरण दर्ज कर 66600/- रूपये समन शुल्क किया गया वसूल**
- **यातायात पुलिस द्वारा की गई सख्त कार्यवाही**




**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,29 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

पुलिस अधीक्षक सरगुजा के निर्देशन पर सरगुजा पुलिस द्वारा ''ऑपरेशन विश्वास'' के तहत् शांतिपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही लगातार की जा रही है। प्रायः यह देखा जा रहा है, कि शहर के विभिन्न सड़कों, गली व चौक-चौराहों पर अवैध रूप से पार्किंग होने के कारण अधिकांश रूप से ट्रैफिक जाम होने की स्थिति निर्मित हो रही है, जिससे आमजनों को आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए यातायात पुलिस द्वारा सड़क पर बेतरतीब ( अवैध रूप से पार्किंग ) खड़ी वाहनों पर व्हील लॉक के माध्यम से कार्यवाही की जा रही है। इस प्रकार की कार्यवाही होने से ट्रैफिक जाम होने की स्थिति निर्मित नहीं होगी और आमजनों को भी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 28/03/2024 को ''ऑपरेशन विश्वास'' के तहत अवैध रूप से पार्किंग के विरूद्ध 01 प्रकरण दर्ज कर 300/- रूपये का समन शुल्क वसूल किया गया, ब्लैक फिल्म का प्रयोग करने के विरूद्ध 01 प्रकरण दर्ज कर 2000/- रूपये समन शुल्क वसूल किया गया, दो पहिया वाहन में तीन सवारी वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 02 प्रकरण दर्ज कर 1000/- समन शुल्क वसूल किया गया, लापरवाही पूर्वक वाहन चालन पर कुल 03 प्रकरण दर्ज कर 6000/- समन शुल्क वसूल किया गया है, तथा अन्य विभिन्न धाराओं के तहत् कार्यवाही करते हुए कुल 115 प्रकरण दर्ज कर कुल 57300/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया है। यातायात सुरक्षा अभियान के तहत् यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले कुल 122 वाहन चालकों पर 66600/- रुपये की चालानी कार्यवाही की गई है।

सरगुजा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्रतिदिन कार्यवाही की जायगी, सरगुजा पुलिस आमनागरिकों से अपील करती है, कि यातायात के नियमों का पालन करें एवं स्वयं सुरक्षित रहें तथा अन्य राहगीरों को भी सुरक्षित रखें।

# पुलिस अधीक्षक ने माननीय न्यायालय में कर्तव्यस्थ कोर्ट-मोहर्रिरों की ली गई बैठक



- **आयोजित बैठक में कर्मचारियों को दिया गया आवश्यक दिशा-निर्देश**
- **साक्षियों के साथ अच्छे तरीके से व्यवहार करने की दी गई समझाईश**

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,29 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

पुलिस अधीक्षक सरगुजा के द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत् बीते कल माननीय न्यायालयों में कर्तव्यस्थ कोर्ट-मोहर्रीरों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कर्मचारियों को हिदायत दी गई, कि समंस/वारण्ट की तामिली न होने की वजह से एवं तामिली उपरांत साक्षी के उपस्थित न होने के कारण माननीय न्यायालयों के प्रकरण अकारण लंबित हैं। इस हेतु पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा कर्मचारियों को समंस/वारण्ट तामिली पर महत्वपूर्ण एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं माननीय न्यायालय द्वारा जारी समंस/वारण्ट में साक्षी का पूर्ण नाम-पता, गली मोहल्ला, वार्ड नम्बर, मकान नम्बर, मोबाईल नम्बर व ई-मेल का उल्लेख किया जावे। जिससे साक्षी की खोजबीन करने में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

जिन पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों का समंस/वारण्ट जारी होता है, और तामिली उपरांत भी साक्ष्य हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होते हैं, उनका सूची उपलब्ध कराई जावे।

माननीय न्यायालयों में विगत 05 वर्ष से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समंस/वारण्ट जारी उपरांत अनिवार्य रूप से तामिली कराकर प्रकरण का हरसंभव निकाल कराने में प्रयास की जावे।

माननीय न्यायालयों में कार्यरत् समस्त कर्मचारियों को कम्प्युटर संबंधी महत्वपूर्ण एवं बेसिक जानकारी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। इस दौरान उपरोक्त बिन्दुओं के अलावा अन्य महत्वपूर्ण एवं आवश्यक बिन्दुओं पर भी दिशा निर्देश दिये गये।

CMYK

# शिवा के करोड़पति बनने का राज पता करने जुटी सारंगढ़ पुलिस...अशफाक के करोड़पति होने का राज क्या है नही पता करना चाहती सुरजपुर पुलिस?

**शिवा पर कसने लगा पुलिस का शिकंजा सूरजपुर के अशफाक पर कब होगी कार्यवाही?**

**शॉर्टकट तरीके से पैसा कमाना और प्रदर्शनी करना शिवा को पड़ा भारी,सुरजपुर के अशफ़ाक भी शिवा के तर्ज करते है काम...पर कब पुलिस का कसेगा शिकंजा?**

**क्या अशफ़ाक को उसकी शादी तक का पुलिस दे रखी है मोहलत या शिकायत का इंतजार?...क्या शादी के बाद हो जाएगा वह फरार?**

**आलीशान हो सकती है अशफ़ाक की शादी...करोड़ों खर्च होने की उम्मीद...लड़की व लड़का पक्ष का कार्ड आया सामने दोनों के कार्ड में शादी स्थल अलग-अलग क्यों?**



अशफाक की फार्चुनर?



अशफाक की बीएमडब्लू?



अशफाक की करेटा?

**प्रकाशित खबर**



क्या अशफाक उल्लाह के अचानक करोड़पति बनने का रहस्य पुलिस प्रशासन सहित जांच एजेंसियां पता कर पाएंगी?

आईजी ऑफिस सरगुजा के किसी सुभाष से अशफाक उल्लाह का क्या है संबंध...?



घटती घटना

कौन है असफाक उल्लाह जिनके ऊपर लोग विश्वास करके अपना करोड़ों रुपए दांव पर लगा रहे हैं?



घटती घटना

असफाक उल्लाह की बढ़ती संपत्ति का राज जिले के सभी लोगों को है पता...तो क्या जांच एजेंसियों को इसकी जानकारी नहीं?



घटती घटना

क्या असफाक उल्लाह के कारोबार का पता लगा पाएगी स्वतंत्र जांच एजेंसियां?

-भूपेन्द्र सिंह-
अंबिकापुर, 29 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में अवैध तरीके से पैसे कमाने का चलन बढ़ता जा रहा है वहीं यह ऐसा तरीका हैं जिन्हे चिटफंड कहा जा सकता है वहीं सरकार भी इस पर नकेल कसने में नाकाम दिख रही है, पिछले 5 सालों में अचानक अवैध तरीके से पैसे कमाने का चलन बढ़ा है और अब वर्तमान सरकार में भी यह चलन तेजी से आगे बढ़ रहा है, इस समय यदि हम बात करें तो छत्तीसगढ़ में सारंगढ़ का शिवा साहू और सूरजपुर का अशफ़ाक पैसा कमाने को लेकर अखबारों की सुर्खियां बने हुए हैं इनकी कहानी रातों-रात करोड़पति बनने की है, ऐसा कौन सा काम है जिसमें यह रातों-रात करोड़पति बन गए और लोगों का भी यह पैसे दुगना कर रहे हैं? यह राज आज तक पुलिस नहीं पता कर पाई है, सारंगढ़ पुलिस इस मामले को पता करने के लिए कार्यवाही तो शुरू की है पर वही सूरजपुर पुलिस अशफ़ाक के करोड़पति बनने का राज पता नहीं करना चाह रही? क्या यही वजह है कि अशफ़ाक उल्लाह अपने ऊपर कार्यवाही न होने को लेकर आश्वस्त है? ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर इनकी ऊंची पकड़ वर्तमान सरकार में क्या काफी है? जिस वजह से वह इस बात को लेकर लोगों से कहते फिर रहे हैं कि उनके ऊपर कार्यवाही होना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है? सूत्रों का यह भी कहना है कि अशफ़ाक पुलिस विभाग को मैनेज कर चुके हैं यही वजह है कि पुलिस विभाग शिकायत का इंतजार कर रही है और अशफ़ाक इसी भ्रम में है कि उनके खिलाफ कोई शिकायत नहीं होगी और ना ही पुलिस उनके गिरेबान पर हाथ डालेगी। पर वही सारंगढ़ पुलिस ने जिस प्रकार से शिवा साहू पर कार्यवाही करके उसके अवैध कमाई का राज जानना चाह रही है उससे एक सवाल फिर खड़ा हो चुका है कि आखिर सूरजपुर पुलिस हाथ पर हाथ धरे क्यों बैठी है?




क्या सही में नगर सेठ है अशफाक? प्रतियोगिता का विवरण कुछ यही बता रहा

## पैलेस की जगह अब साधुराम सेवाकुंज में होगा अशफ़ाक का विवाह कार्यक्रम,समाचार प्रकाशन के बाद बदला गया शादी आयोजन का स्थलः सूत्र

अशफ़ाक का व्यवसाय कितना एक नंबर का है इसकी पुष्टि इसी से होता है की समाचार प्रकाशन के बाद से ही असफाक उल्लाह का व्यवसाय भी प्रभावित हो गया है और उसे अपने ऊपर कार्यवाही का भी भय सताने लगा है। अशफ़ाक को कार्यवाही का डर अब आयकर से भी है जो आय से अधिक संपत्ति और आय के जरिए की जांच कर सकती है। असफाक डरा हुआ है यह इस बात से भी साबित होता है की वह अब अपने निजी रहन सहन और अपने शौक सुविधा में कमी कर रहा है और दिखावा बंद कर रहा है जिससे उसके ऊपर शासकीय जांच विभागों की नजर न पड़ सके। ताजा उदाहरण उसके भय का उसके विवाह आयोजन मामले में देखने को मिल रहा है। अशफ़ाक का विवाह पहले अंबिकापुर के महंगे पैलेस में होना तय हुआ था और जिसका उल्लेख उसके ससुराल पक्ष जो होने वाला है के आमंत्रण कार्ड में हो चुका है जो पहले छपकर बंट चुका था और बाद में खबरों के प्रकाशन से अशफ़ाक की सच्चाई सामने आने लगी जिसके बाद अशफ़ाक ने शादी आयोजन स्थल में परिवर्तन कर दिया और अब सूरजपुर के साधु राम सेवा कुंज में शादी समारोह का आयोजन होना तय हुआ है जो अशफ़ाक के तरफ से बांटे जा रहे आमंत्रण कार्ड में स्थल स्वरूप छपा देखा जा सकता है। असफाक ने महंगे पैलेस में विवाह कार्यक्रम इसलिए स्थगित कर दिया क्योंकि यदि वह ऐसा करता है उसकी जांच होनी तय है और फिर वह फंस सकता है। अशफ़ाक का विवाह स्थल बदले जाने का निर्णय लेना साबित करता है की वह अब डरा हुआ है और वह शादी के बाद फरार भी होगा जो सूत्रों का दावा है वह भी सत्य साबित होगा और फिर आम लोगों का करोड़ों रुपए डूब जायेगा जिसकी वसूली फिर असंभव हो जायेगी। अशफ़ाक शादी के बाद फरार होगा इस आशंका को अब बल मिलने लगा है।

### क्या पुलिस अशफाक उल्लाह को उसके शादी तक का मोहलत दे रही है?

शिवा साहू भी रातों रात करोड़पति बना और रातों रात ही उसके पास महंगी गाड़ियों का काफिला सा लग गया वहीं उसका रहन सहन शानो शौकत भी रातों रात बदल गया था और वह बड़ा आदमी बन गया था। सुरजपुर जिले के असफाक उल्लाह भी रातों रात ही करोड़पति बना है वहीं उसके पास भी महंगी गाड़ियों का काफिला है साथ ही काफी जमीन भी उसने खरीदी है वहीं वह लोगों का भी पैसा दोगुना कर दे रहा है जो उसको लेकर उसके गुर्गों का कहना है। शिवा साहू के मामले में पुलिस ने संज्ञान ले लिया है और सारंगढ़ पुलिस में उसके ऊपर शिकंजा कसना भी शुरू कर दिया है, वहीं उसके आय के जरिए की भी तलाश पुलिस करने लगी है जबकि सूरजपुर जिले का असफाक उल्लाह अभी भी खुलेआम घूम रहा है वहीं लगातार लोगों को झांसे में ले रहा है वहीं उसकी शादी भी जल्द ही होने पर वाली है। अशफ़ाक लोगों का पैसा दोगुना करने का वादा कर रहा है वहीं वह कैसे दोगुना करने वाला है यह किसी को नहीं पता, यह चिटफंड जैसा मामला है जो बताया जा रहा है और यह भी अब आशंका जाहिर की जा रही है की अशफ़ाक की चूंकि शादी है हाल ही में इसलिए उसे पुलिस ने शादी तक की मोहलत दी है जिससे वह जल्द शादी कर सके और फिर वह फरार हो सके क्षेत्र छोड़कर जिससे उसके चिटफंड व्यवसाय पर छापा पड़ने से पहले वह रफूचक्कर हो सके ऐसा सूत्रों का माना है। शिवा साहू के बाद अशफ़ाक का भी कानून की पकड़ में आना तय है वहीं लोगों का पैसा डूबना भी तय है जो बताया जा रहा है क्योंकि मामला चिटफंड से जुड़ा हुआ है ऐसे में जैसे ही अशफ़ाक की शादी होगी वह क्षेत्र से पलायन कर चुका होगा वहीं उसके बाद उसे ढूढना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन होगा।

### क्या अशफाक की सेटिंग बसदेई चौकी प्रभारी ने उच्च अधिकारियों से करवा दी है?

अशफाक का कारोबार भी सूरजपुर जिले के बसदेई चौकी क्षेत्र अंतर्गत ही संचालित किया जाता है, यह चौकी क्षेत्र वैसे भी अवैध कारोबार और कारोबारियों के लेकर पहले से प्रसिद्ध है कि अशफ़ाक वहीं वर्तमान में पदस्थ चौकी प्रभारी,एक प्रधान आरक्षक और एक आरक्षक के कारण हाल फिलहाल में यह चौकी क्षेत्र काफी सुर्खियों में रहता हैं जहां तीन की तिकड़ी चाहती है वैसा होता है वहीं जिन्हे कुछ भी करना है तीन की तिकड़ी से संपर्क कर वह कर सकता है यह सूत्रों का कहना है। अशफ़ाक का चिटफंड प्रवृत्ति का कारोबार भी इसी चौकी क्षेत्र अन्तर्गत संचालित है वहीं उसके कारोबार को लेकर कई बार समाचार प्रकाशन के बाद भी कार्यवाही नहीं होना यह बताता है की कहीं न कहीं यह भी संभव हो सकता है की बड़े अधिकारियों से चौकी प्रभारी ने असफाक उल्लाह की मुलाकात करवा दी हो और जिससे अशफ़ाक को बल मिल गया है और वह निडर होकर अपना चिटफंड कारोबार संचालित कर रहा है। वैसे यह अंदेशा मात्र है वहीं अंदेशा सत्य आधारित हो सकती है इसकी भी संभावना है जो बसदेई पुलिस की कार्यप्रणाली देखकर कहा जा सकता है।

### देनदारो को पैसे देने के डर से अशफ़ाक राज्य से चल जाते हैं बाहर अभी फिलहाल है महाराष्ट्र में:सूत्र

अशफ़ाक को लेकर सूत्रों का दावा यह है की उनके कारोबार में गिरावट दर्ज की जा रही है और गिरवाबट की वजह से अब पैसा लोगों का वापस कर पाने में उन्हे दिक्कत भी होने लगी है। असफाक उल्लाह से अपना पैसा वापस मांगने वालों की संख्या में इजाफा होने के बाद अब असफाक उल्लाह पैसा वापस कैसे करें इसको लेकर उन्होंने अलग तरकीब निकाली है और जब उनके पास पैसा मांगने वालों की संख्या अधिक हो जाती है वह जिले सहित प्रदेश से बाहर चले जाते हैं और संपर्क करने वालों को बाद में आने को कहते हैं। असफाक लेनदारों से खुद को इसी तरह बचा पा रहे हैं। असफाक फिलहाल फिलहाल महाराष्ट्र में हैं और वहीं से लेनदारों को बाहर होने का बहाना बताकर टाल रहे हैं यह सूत्रों का दावा है। वैसे असफाक का व्यवसाय फिलहाल इसलिए भी प्रभावित हुआ है क्योंकि उनके पास पैसे लगाने वाले ऐसे लोगों की कमी हुई है जो लालच में पैसे दोगुने करने के लालच में पैसे लगाएं वहीं उन्हे वापस करना पहले वालो का ज्यादा पड़ रहा है और चिटफंड व्यवसाय में यही पर आकर व्यवसाय ठप्प हो जाता है जब पैसे की आवक कम हो जाती है और देनदारी अधिक हो जाती है। और अंत में इसी तरह धीरे धीरे व्यवसाय डूब जाता है और लोगों का पैसा डूब जाता है। अभी फिलहाल अपने गुर्गों के साथ अपनी लाजरी व मांगी कार से महाराष्ट्र घूम रहे हैं।

### अशफ़ाक उल्लाह के पास बीएमडब्ल्यू, फॉर्च्यूनर, क्रेटा, दो थार सहित कई महंगी मोटरसाइकिल मौजूद

असफाक उल्लाह के पास कई महंगी विदेशी गाडियां मौजूद है। बीएमडब्ल्यू, फॉर्च्यूनर, क्रेटा, दो थार सहित कई महंगी मोटरसाइकल उनके घर की शान बढ़ाती नजर आती है। असफाक उल्लाह को महंगी गाड़ियों का शौक कुछ ही दिनों से लगा है जबसे उनके पास चिटफंड का पैसा आना शुरू हुआ है। असफाक उल्लाह के महंगे शौक में ही आधे से अधिक लोगों का पैसा खत्म हो चुका है वहीं अब उनके व्यवसाय में पैसे की आवक भी कम हो गई है। असफाक उल्लाह का पूरा व्यवसाय कभी भी डूब सकता है इसकी भी संभावना बढ़ गई है तब वह कैसे लोगों का पैसा लौटाएंगे यह भी अब प्रश्न खड़ा हो रहा है।महंगी गाड़ियों से कुछ का पैसा तो लौटाया जा सकता है लेकिन अधिकांश का पैसा डूब जायेगा इसकी संभावना ज्यादा है।

### अशफ़ाक को क्या बसदेई पुलिस का है संरक्षण?

असफाक उल्लाह का पूरा कारोबार सूरजपुर जिले के बसदेई पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत संचालित है। बसदेई पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत अवैध कारोबार वैसे ही फलफूल रहे हैं वहीं असफाक उल्लाह के व्यवसाय को भी क्या बसदेई पुलिस का संरक्षण है यह प्रश्न लगातार उठ रहा है क्योंकि असफाक उल्लाह को लेकर कोई भी जांच बसदेई पुलिस करती नजर नहीं आ रही है। वहीं सूत्रों का दावा है की असफाक उल्लाह को यह आश्वासन मिला हुआ है की उसके विरुद्ध कार्यवाही तब तक नहीं होगी जबतक कोई शिकायत सामने नहीं आएगी। वैसे ऐसे मामलों में जब तक शिकायत समाने आती है कई लोगों को आर्थिक नुकसान हो चुका होता है वहीं जब उन्हे एहसाह होता है और शिकायत होती है समाने वाले के पास लौटने को पैसे ही नहीं होते। वैसे बसदेई पुलिस को असफाक उल्लाह मामले में ध्यान देना चाहिए यह एक आर्थिक अपराध भी हो सकता है कि वहीं जांच कर कम से कम व्यवसाय सही है या गलत पुलिस को बताना चाहिए।

### अशफ़ाक मामले में कार्यवाही की उम्मीद सरगुजा आईजी से

अशफ़ाक मामले में स्थानीय पुलिस कार्यवाही करेगी ऐसा अब लगता नहीं है। बसदेई चौकी क्षेत्र में असफाक उल्लाह का कारोबार लगातार फल फूल रहा है वहीं इस कारोबार में पैसा लगाने वाले डूबेंगे जरूर यह भी तय ही माना जा रहा है फिर भी स्थानीय पुलिस मौन है जिले की भी पुलिस मौन है और असफाक लगातार अपना चिटफंड कारोबार बढ़ा रहा है। अशफ़ाक के चिटफंड कारोबार को अब तभी विराम लग सकेगा जब आईजी सरगुजा ध्यान देंगे यह माना जा रहा है। आईजी मामले में ध्यान दें और पता लगाएं की कहां से रातों रात असफाक उल्लाह के पास जादुई चिराग आया और वह खुद करोड़पति बन गया वहीं औरों को भी वह उनके पैसे दोगुने करने का लालच दे रहा है। अशफ़ाक के व्यवसाय की हकीकत क्या है क्या वह किसी विदेशी ताकत के साथ कोई षडयंत्र कर पैसे कमा रहा है या फिर कोई बड़ा धोखा वह लोगों को देने के फिराक में है। आईजी सरगुजा के ध्यान देने के बाद सच्चाई सामने आ सकती है वहीं यह पता लग सकता है की अशफ़ाक ने अब तक कितने लोगों को ठगा है और आगे वह और कितने लोगों को ठगने जा रहा है। अशफ़ाक के मामले में आईजी सरगुजा को तत्काल संज्ञान भी लेना चाहिए जिस तरह सारंगढ़ पुलिस हरकत में आई है और उसने शिवा साहू पर शिकंजा कसना जारी किया है जो असफाक के तर्ज पर ही व्यवसाय करता चला आ रहा था और वह भी रातों रात करोड़पति बना है। वैसे आईजी सरगुजा से इसलिए भी जल्द जांच और कार्यवाही की अपेक्षा बढ़ गई है क्योंकि अशफ़ाक जल्द ही शादी करके फरार हो सकता है वहीं उसके फरार होते ही उसे ढूंढ पाना फिर मुश्किल होगा और लोगों को उनका पैसा भी मिल पाना नामुमकिन होगा।

### अशफ़ाक कार्यवाही से पहले हो सकते हैं फरार इसकी जानकारी पुलिस से ही मिलेगी:सूत्र

अशफ़ाक अपनी गिरफ्तारी से पहले फरार हो सकते हैं और इसकी वह तैयारी कर चुके हैं यह भी सूत्रों का कहना है। बताया जा रहा है की उन्हे पुलिस सूत्रों से ही जानकारी प्रदान की जायेगी की कब उनके ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटकने वाली है। असफाक ने अपने लिए पुलिस विभाग में भी गुप्तचर बना रखा है यह सूत्रों का कहना है। असफाक को उसका सूत्र उनकी गिरफ्तारी की जानकारी तब प्रदान कर देगा जब कार्यवाही शुरू होगी और वह फरार हो जायेंगे।

### काफी भव्य हो सकता है अशफ़ाक के शादी का कार्यक्रम...पहुंच सकते हैं कई भाजपा नेता व पुलिस अधिकारी:सूत्र

अशफ़ाक वैसे तो अपनी शादी के बाद फरार हो जायेगें ऐसी संभावना बढ़ गई है क्योंकि उनका व्यवसाय जिस तरह आगे बढ़ रहा था उसी तेजी से नीचे गिरता जा रहा है लेकिन इसी बीच उनकी शादी की भी खबर सामने आ रही है जो जल्द ही है जिसके कार्ड भी लड़की पक्ष के बंटने लगे हैं और जिसमे भाजपा के बड़े नेताओं सहित पुलिस के बड़े अधिकारी शामिल हो सकते हैं। अशफ़ाक की शादी में होने पर वाला आयोजन काफी भव्य होने होने वाला है वहीं पैसा पानी की तरह बहाया जायेगा यह भी माना जा रहा है आयोजन की तैयारियों को लेकर यह कहा जा रहा है की आयोजन में नेताओं सहित अधिकारियों को बुलाकर यह भी साबित करने का प्रयास अशफ़ाक करने वाले हैं की उन्हे आयोजन में पहुंचने वाले सभी नेताओं अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है और उनके कारोबार पर तब तक आंच नहीं आने वाली जब तक उनके साथ बड़े लोग हैं। वैसे अशफ़ाक के शादी कार्यक्रम में पहुंचने वाले अतिथियों को देखकर समझा जा सकेगा की उन्हे उनके चिट फंड कारोबार में किस किस का सहयोग मिला हुआ है।



# कोरिया के कांग्रेसी सरगुजा लोकसभा प्रत्याशी से दिखा रहे अपनी नजदीकियां, जाहिर कर रहे हैं उत्साह...

## क्या कोरबा लोकसभा प्रत्याशी को लेकर पार्टी के लोगों में नहीं है उत्साह? क्या अपने क्षेत्र के प्रत्याशी से जिले के लोगों का नहीं है लगाव?

**कोरिया जिले के कांग्रेसी पार्टी के सरगुजा लोकसभा प्रत्याशी से दिखा रहे अपनी नजदीकियां,जाहिर कर रहे हैं टिकट मिलने पर उत्साह**

**क्या कोरबा लोकसभा प्रत्याशी को लेकर पार्टी के लोगों में नहीं है उत्साह,नहीं है प्रत्याशी से जिले के लोगों का लगाव?**

**सरगुजा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने शशि सिंह को बनाया है पार्टी का प्रत्याशी,जिला पंचायत सदस्य हैं शशि सिंह**

**शशि सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा के बाद से ही कोरिया जिले के कांग्रेसी हैं उत्साहित**

**सोशल मिडिया पर कोरिया जिले के कांग्रेसी जाहिर कर रहे हैं उत्साह,कुछ कांग्रेसी शशि सिंह के निवास पहुंचकर भी दे आए हैं बधाई**

**कोरबा लोकसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी वर्तमान सांसद के प्रत्याशी घोषित होने पर नहीं दिखा कोरिया जिले के कांग्रेसियों में इस तरह का उत्साह**

**कोरिया जिले के कांग्रेसियों ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र की पार्टी प्रत्याशी वर्तमान सांसद को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट में भी नहीं दिखाई ज्यादा रुचि**

**क्या बाहरी साथ ही दूरस्थ क्षेत्र के प्रत्याशी से पार्टी के लोग हो गए हैं निराश,क्या इसीलिए सूरजपुर जिला निवासी कोरिया से निकट की निवासी लोकसभा प्रत्याशी से जिले वासी दिखा रहे अपनत्व का भाव?**

**कोरबा लोकसभा सीट से कभी कोरिया जिले के किसी प्रत्याशी दावेदार को किसी पार्टी ने नहीं दिया है मौका**

**हालिया चुनाव में भी दोनों प्रमुख राष्ट्रीय दल ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र से बाहरी दावेदारों को ही दिया है प्रत्याशी बनने का मौका**

**क्या दोनों दलों के पास आठ विधानसभाओं में एक भी योग्य उम्मीदवार नहीं था जिसे वह बना पाते प्रत्याशी?**

-विशेष संवाददाता-
सरगुजा/कोरिया/कोरबा 29 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है और अब राजनीतिक दल अपने अपने प्रत्याशी भी घोषित करते जा रहे हैं और इसी क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए देश के दोनो प्रमुख राष्ट्रीय दलों ने अपने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं और प्रदेश के 11 लोकसभा सीटों से कौन कौन किस दल का प्रत्याशी होगा दोनों प्रमुख राष्ट्रीय दल से भाजपा कांग्रेस से यह तय हो चुका है। प्रदेश में वर्तमान में भाजपा की सरकार है वहीं हाल ही में कांग्रेस सत्ता से बेदखल हुई है और ऐसे में इसबार का लोकसभा चुनाव दोनों ही दलों भाजपा कांग्रेस के लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि एक तरफ भाजपा को सत्ता में रहते हुए पार्टी के मिशन 370 साथ ही 400 पार के नारे को सफल बनाने के लिए 11 में से 11 सीट जीतकर दिखाना है वहीं कांग्रेस को भी ज्यादा एस ज्यादा सीट पूर्व के मुकाबले जीतकर अपनी उपस्थिति प्रदेश में साबित करनी है वहीं जबकि पिछले चुनाव में सत्ता में रहते हुए उसे कुल सीटों से ही संतोष करना पड़ा था वहीं अब इस बार पार्टी को इससे अधिक सीटों की दरकार है जिससे केंद्र में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बन सके। वैसे कांग्रेस गठबंधन की सरकार केंद्र में बन सके इसके लिए कांग्रेस ने प्रदेश में अधिक से अधिक लोकसभा सीट जीतने के लिए अपने उन नेताओं को भी प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतार दिया है जिनका चेहरा पार्टी प्रदेश में कद्दावर नेताओं के रूप में मानती है और उन्हे कहीं से भी जीतने योग्य वह मानती है। पूर्व मुख्यमंत्री सहित कई मंत्रियों एवम पूर्व एवम वर्तमान विधायकों को पार्टी ने चुनावी मैदान में प्रत्याशी बनाकर उतार दिया है और अधिक से अधिक सीट जीतने के अपने लक्ष्य को पार्टी ने जाहिर कर दिया है। कांग्रेस ने अपने दो वर्तमान सांसदों में से एक पर दांव खेला है वैसे यह दांव नहीं पार्टी की मजबूरी मानी जा रही है क्योंकि एकमात्र कोरबा लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद का टिकट काटने की स्थिति में पार्टी नहीं थी क्योंकि नेता प्रतिपक्ष सहित कांग्रेस के पुराने बड़े नेता की पत्नी का टिकट काटने की हिम्मत पार्टी में किसी ने नहीं दिखाई। कोरबा लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद की ही पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है और इस बार की उनकी उम्मीदवारी आरंभ से ही कमजोर भी नजर आने लगी है वह आठ विधानसभाओं में से कुछ में तो उनकी दावेदारी उम्मीदवारी में बदले जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों में उत्साह भी नजर नहीं आया और पार्टी के लोगों ने केवल प्रत्याशी मान लिया ऐसा ही देखने में आया।

### कोरिया में वर्तमान सांसद की उम्मीदवारी को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं सहित पदाधिकारियों में उत्साह नहीं पर सरगुजा के प्रत्याशी को लेकर उत्साहित?

कोरिया जिले में तो वर्तमान सांसद की उम्मीदवारी को लेकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित पदाधिकारियों में कोई उत्साह नहीं देखा गया जबकि कोरिया जिले के कांग्रेसियों को सरगुजा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी के रूप में जिला पंचायत सदस्य शशि सिंह का नाम सामने आते ही उत्साहित देखा गया वहीं सोशल मीडिया में बधाई संदेश की बाढ़ भी सरगुजा प्रत्याशी को लेकर देखा गया। कुछ कांग्रेसियों ने सूरजपुर जिले के उनके निवास स्थल पर भी जाकर शशि सिंह को बधाई दी वहीं उन्होंने सोशल मीडिया में भी बधाई पोस्ट किया। सरगुजा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस की प्रत्याशी सूरजपुर जिले के प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र से घोषित होने पर कोरिया जिले के कांग्रेसियों का उत्साहित होना ऐसे ही नहीं है यह इस बात का संकेत है की अपने आस पास का प्रत्याशी पाकर अपने क्षेत्र का प्रत्याशी पाकर कार्यकर्ताओं में पदाधिकारियों में भी उत्साह उत्पन्न होता है और उनके भीतर यह उम्मीद जागृत होती है की स्थानीय और निकट का प्रत्याशी यदि चुनाव में जीत दर्ज कर ले जायेगा तो निश्चित ही वह उनके लिए हर परिस्थिति में खड़ा रहेगा वहीं वह भी जब चाहे मिल सकेंगे और अपनी समस्याओं परेशानियों को उसके सामने रख सकेंगे जबकि दूर का साथ ही क्षेत्र से बाहर का प्रत्याशी होने पर ऐसा संभव नहीं होगा और ऐसे प्रत्याशी की जीत के बाद भी उसके पास पहुंचना मुश्किल होगा और वह गाहे बगाहे ही क्षेत्र के नजर आएगा । शशि सिंह सूरजपुर जिले के प्रेमनगर विधानसभा की निवासी हैं और यह क्षेत्र कोरिया जिले से लगा हुआ क्षेत्र है और एक तरह से सीमावर्ती क्षेत्र है और इसलिए शशि सिंह को कांग्रेस प्रत्याग्सी बनाए जाने पर सरगुजा के कांग्रेसियों सहित कोरिया जिले के कांग्रेसी उत्साहित हैं। वहीं कोरबा लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान सांसद साथ ही जिले सहित क्षेत्र के बाहर के प्रत्याशी को पुनः मौका दिए जाने पर कोरिया जिले के कांग्रेसी उतना उत्साहित नहीं नजर आ रहे हैं जितना वह सरगुजा के प्रत्याशी को लेकर उत्साहित हैं।

### कोरबा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा पर उत्साहित नजर नहीं आए कोरिया जिले के कांग्रेसी

कोरबा लोकसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा सबसे पहले पार्टी ने कर दी थी,कोरबा लोकसभा से वर्तमान सांसद को पार्टी ने पुनः मौका दिया है वहीं उनका वर्तमान कार्यकाल और बीते वर्ष कैसे रहे क्षेत्र की उपलब्धियों और उनकी उपलद्धता को लेकर यह किसी से छिपा नहीं है। कोरिया जिले के कांग्रेसियों को लोकसभा क्षेत्र की पार्टी की तरफ से घोषित प्रत्याशी को लेकर उत्साहित नहीं देखा गया,न सोशल मिडिया पर ही बधाई का तांता लगा न ही उनसे मिलने जिले के लोग पहुंचे और जाकर बधाई देते दिखे। कुल मिलाकर पार्टी प्रत्याशी को लेकर क्षेत्र के उत्साह का अभाव नजर आया कोरिया जिले के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में,जबकि भले ही केंद्र में कांग्रेस की सरकार नहीं थी लेकिन प्रदेश में वर्तमान सांसद के कार्यकाल के अधिकांश समय में कांग्रेस की सरकार थी और सांसद का सरकार में काफी दखल था और जिसके बावजूद वह क्षेत्र से दूर ही रहीं जो आज कारण बन रहा है की उनकी उम्मीदवारी से कांग्रेसी जिले के उत्साहित नहीं हैं।वैसे जिले के कांग्रेसियों को सरगुजा की प्रत्याशी पार्टी की तरफ से घोषित होने पर बधाई देते देखा गया और जिले के कांग्रेसियों ने बधाइयों का तांता लगा दिया सरगुजा की प्रत्याशी के लिए।

### नेता प्रतिपक्ष जिले के कांग्रेसियों को एकजुट करने में सक्रिय नजर आने लगे

प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष की ही पत्नी कांग्रेस प्रत्याशी हैं और जिसके कारण अब नेता प्रतिपक्ष का कोरबा लोकसभा क्षेत्र में दौरा जारी हो गया है। उनका आगमन कोरिया जिले में हुआ जहां रनई सहित कई जगह होली मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां उनकी उपस्थिति में पार्टी की प्रत्याशी उनकी पत्नी के लिए कांग्रेसियों को एकजुट करने का प्रयास किया गया। नेता प्रतिपक्ष को भी समझ आ गया है की यह चुनाव आसान नहीं होने वाला और बिखर चुकी पार्टी को फिर से एकजुट किए बिना चुनाव जीतना आसान नहीं होगा। वैसे होली मिलन समारोह में जगह जगह उनका पहुंचना प्रायोजित था और इसके लिए लोगों की भीड़ भी जुटाई गई लेकिन जब लोगों को होली मिलन का कार्यक्रम राजनीतिक समझ में आया उन्हे भी अलग सा लगा।। वैसे होली मिलन कार्यक्रम में भी सभी कांग्रेसी एक साथ हर जगह नजर नहीं आए यह भी देखा गया कुछ ने अलग से नेता प्रतिपक्ष का स्वागत किया। वैसे जब कोरिया सहित अन्य जगह पूरे आठ विधानसभा क्षेत्र में कोरबा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेसियों को खुद से पार्टी प्रत्याशी के लिए कमर कसना था और उसकी जीत कैसे सुनिश्चित हो यह प्रयास खुद से करना था नेता प्रतिपक्ष को इसके लिए मेहनत करना पड़ रहा है और कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को जीत का मंत्र देना पड़ रहा है जबकि सत्ता से बेदखल हुए कांग्रेस को ज्यादा दिन भी नहीं हुए और उनका अनुभव चुनाव का जाता हुआ नजर आ रहा है। नेता प्रतिपक्ष की मजबूरी है की उन्हे पत्नी के प्रत्याशी होने की वजह से मैदान में उतरना पड़ रहा है।

### कोरबा से दोनों राष्ट्रीय दलों ने घोषित किया है लोकसभा क्षेत्र से बाहर का उम्मीदवार

कोरबा लोकसभा क्षेत्र वैसे तो चार जिले और आठ विधानसभाओं को खुद में समाहित किए हुए है लेकिन इस लोकसभा क्षेत्र से इस चुनाव में दोनो ही राष्ट्रीय दलों से स्थानीय प्रत्याशी नहीं हैं जो दिलचस्प मामला है। भाजपा कांग्रेस दोनों ने आठ विधानसभाओं से बाहर का प्रत्याशी इस लोकसभा में बतौर प्रत्याशी उतारा है। कांग्रेस की प्रत्याशी वर्तमान में सांसद भी हैं क्षेत्र की और जो दोबारा किस्मत आजमाने इस सीट से चुनावी मैदान में सामने हैं वहीं भाजपा प्रत्याशी पहली बार इस सीट से प्रत्याशी हैं और वह प्रधानमंत्री मोदी के भरोसे ही चुनावी मैदान में हैं । वैसे दो क्षेत्र से बाहर के उम्मीदवारों में से जनता किसे चुनती है यह देखने वाली बात होगी। वैसे क्षेत्र से कई दावेदारों ने टिकट की मांग की थी खासकर भाजपा से लेकिन पार्टी ने क्षेत्र से बाहर का ही प्रत्याशी मैदान में उतारा है जो देखने को मिल रहा है। वर्तमान सांसद को लोग बाहर का होने के कारण कम ही क्षेत्र में पाया करते थे और अब दोनो ही प्रत्याशी क्षेत्र से बाहर के हैं ऐसे में जनता किसे चुनती है यह भी देखना होगा।

### सरगुजा की पार्टी प्रत्याशी के लिए अधिक उत्साहित प्रसन्नचित नजर आए कोरिया जिले के कांग्रेसी

सरगुजा जिले के लिए घोषित कांग्रेस प्रत्याशी के लिए कोरिया जिले के कांग्रेसी ज्यादा उत्साहित नजर आए। सोशल मिडिया पर बधाई का तांता लगा रहा यहां तक की लोग पहुंचकर भी बधाई देते नजर आए। सरगुजा की प्रत्याशी को कोरिया जिले के कांग्रेसियों ने इतनी बधाई दी टिकट मिलने पर की उतनी बधाई अपने क्षेत्र के प्रत्याशी के लिए उन्होंने नही प्रेषित की। जिले के कांग्रेसियों ने हर स्तर के कांग्रेसियों ने बधाई दी और जो देखने को मिला। वैसे सरगुजा के लिए घोषित प्रत्याशी जिले के निकतस्थ क्षेत्र की निवासी हैं और यह भी एक कारण है कोरिया जिले के लोगों का उनसे जुड़ाव का और जो देखने को मिला जब वह प्रत्याशी घोषित हुईं। वैसे कोरिया जिले के कांग्रेसी कोरबा लोकसभा के लिए घोषित पार्टी प्रत्याशी को लेकर जितना उत्साहित नहीं हैं उससे ज्यादा उत्साहित और प्रसन्नचित वह सरगुजा की पार्टी प्रत्याशी को लेकर हैं जो देखने को मिला।

### भाजपा अनुशासित होकर कर रही चुनाव में जीत दर्ज करने की तैयारी,कांग्रेस में गुटबाजी अभी भी हावी

कोरबा लोकसभा क्षेत्र की बात करें तो भाजपा अनुशासित होकर लोकसभा सीट से जीत दर्ज करने की तैयारी कर रही है। वहीं कांग्रेस में गुटबाजी हावी है। कांग्रेस में यह भी देखने को मिल रहा है की अधिकांश पदाधिकारी और कार्यकर्ता सरगुजा की प्रत्याशी को लेकर उत्साहित हैं जबकि अपने क्षेत्र की प्रत्याशी को लेकर उनके भीतर उत्साह कम है। कांग्रेस में कई गुटों में कार्यकर्ता बटे हुए हैं और उन्हे अलग अलग जाकर अपने अपने हिसाब से कार्य करते देखा जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस में वर्तमान स्थिति में भाजपा ही मजबूत स्थिति में है। भाजपा अति उत्साह की बजाए गंभीरता से अपने पार्टी प्रत्याशी को लेकर उसकी जीत को लेकर काम कर रही है वहीं कांग्रेस में अभी एकजुट करने का प्रयास ही जारी है जो जब तक चलता रहने वाला है यह देखने वाली बात होगी।

# पुलिस महानिरीक्षक द्वारा किया गया वार्षिक निरीक्षण

## आमजन का पुलिस के प्रति हो विश्वास हेतु महानिरीक्षक द्वारा किया गया निर्देशित

-संवाददाता-
कोरबा, 29 मार्च 2024 (घटती-घटना)।



पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर डॉ .संजीव शुक्ला द्वारा दिनांक 29.03.2024 को जिला कोरबा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। जिसमें सर्वप्रथम पुलिस महानिरीक्षक का पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर ज़िले में स्वागत किया गया। तत्पश्चात पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड निरीक्षण में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारियों के टर्नआउट का निरीक्षण एवं टोलीवार परेड कराया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात् किट परेड निरीक्षण किया गया, जिसमें सभी कर्मचारियों से उन्हें प्राप्त किट सामग्रियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी । पुलिस महानिरीक्षक द्वारा रक्षित केन्द्र के समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया गया, जिसमें वाहन शाखा एवं रक्षित केन्द्र के सभी वाहनों तथा दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिये। इसके पश्चात् स्टोर शाखा का निरीक्षण किया गया, जिसमें सभी सामग्रियों के रख-रखाव, सही समय पर वितरण हेतु निर्देश दिये, साथ ही आर्म्स शाखा का भी निरीक्षण कर हथियारों को सुरक्षित रखने तथा साफ सफाई के निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारीयों एवं कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु दरबार का आयोजन किया गया। दरबार में पुलिस महानिरीक्षक महोदय जिला पुलिस कोरबा के अधिकारी/ कर्मचारियों से रूबरू हुए एवं उनकी समस्याओं के निराकरण करने हेतु कार्यवाही का आश्वासन दिये साथ ही दरबार में थाना/चौकी में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारियों को थाना में आने वाले पीड़ितों की समस्याओं का उचित निराकरण एवं अच्छा व्यवहार करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसके पश्चात् डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर समस्त शाखाओं का निरीक्षण कर उनके शाखाओं के कार्यों की जानकारी ली। जिसमें सेवा पुस्तिका में आवश्यक प्रविष्टियों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही अनुकंपा नियुक्ति, लंबित पेंशन प्रकरणों, विभागीय भविष्य निधि, जिले में चल रहे निर्माण कार्यों, बजट की स्थिति, न्यायालय संबंधी प्रकरणों, निलंबित अधिकारी/कर्मचारियों तथा उनके अपील, अवकाश निराकरण आदि के संबंध में जानकारी ली तथा थाना/चौकी में पदस्थ कर्मचारियों से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने तथा अनावश्यक लंबित नहीं रखने के निर्देश दिये गये। इस निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान व नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रवींद्र मीणा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय प्रतिभा मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का, एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर तथा थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

## इंटक के महामंत्री,कांग्रेसी नेता समेत अनेक भाजपा में हुए शामिल

# उद्योग मंत्री श्री देवांगन के नेतृत्व में बड़ा उलटफेर



-संवाददाता-
कोरबा, 29 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के नेतृत्व में शुक्रवार को इंटक के महामंत्री और कांग्रेस के प्रदेश सचिव नरेश देवांगन, कांग्रेसी नेता व सतगढ़ तंवर समाज के अध्यक्ष कुंवर राजवर्धन सिंह समेत अधिक संख्या भाजपा में शामिल हुए। शुक्रवार को टी.पी.नगर स्थित आशीर्वाद भवन में भाजपा की विधानसभा प्रबंधन और कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई थी । बैठक में विशेष तौर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन वरिष्ठ विधायकगण धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, प्रेमचंद पटेल , संभाग प्रभारी अनुराग सिंह देव, भाजपा जिला अध्यक्ष डा राजीव सिंह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपरोक्त बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कमर कसने के लिए कहा उन्होंने विगत दोनों पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिए गए कार्यक्रमों के बारे में कार्यकर्ताओं से जानकारी प्राप्त करी एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं से सुझाव भी लिए । प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया । बैठक के बाद उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के नेतृत्व में अलग-अलग सामाजिक व राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारी भाजपा में शामिल हुए । क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, लोकसभा प्रत्याशी डॉ सुश्री सरोज पांडेय, जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने सभी को गमछा प्रदान कर भाजपा में प्रवेश दिलाया। भाजपा में हुए शामिल प्रमुख लोगों में इंटक के महामंत्री व कांग्रेस के प्रदेश सचिव नरेश देवांगन, कांग्रेसी नेता व सतगढ़ तंवर समाज के अध्यक्ष कुंवर राजवर्धन सिंह, पूर्व पार्षद नगर निगम राजा गुप्ता, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष रोहित राजवाड़े छुरी के कांग्रेस पार्षद रामशरण साहू, राकेश प्रताप सिंह, इंजीनियर गजानंद भार्या, विजय कुमार अग्रवाल, प्रीतम देवांगन, प्रेम देवांगन, माखन देवांगन, जगन्नाथ देवांगन, सुक्खू राम देवांगन, भगत राम देवांगन, शिवचरण पटेल, आनंद चतुर्वेदी, आनंद देवांगन, तरूण देवांगन, परदेशी सोनी, लक्ष्मण देवांगन, विसम्भर यादव, लखन देवांगन व पाली तानाखार से जनपद सदस्य, मदन सिंह मरावी, पोंडी खुर्द के सरपंच मनेन्द्र सिंह, परला के सरपंच जवाहर सिंह, लमना के सरपंच नेल साय, चोटिया के सरपंच करमन सिंह, लाद के सरपंच लाल बहादुर सिंह, पचरा के सरपंच चंद्रभूषण सिंह, समेत अधिक संख्या में भाजपा में शामिल हुए।

# लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला आज

## पंजाब के खिलाफ लखनऊ को जीत के लिए करने होंगे ऑलराउंडर प्रयास

**नई दिल्ली,29 मार्च 2024।** केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम जब शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाहें हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करने पर लगी होगी।

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में 20 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में क्रुणाल पंड्या को छोड़कर लखनऊ के सभी गेंदबाजों ने रन लुटाये थे और वे प्रभावित नहीं कर सके। मार्क वुड और डेविड विली की अनुपस्थिति में एलएसजी के तेज गेंदबाज कमजोर दिखे जिसमें मोहसिन खान, नवीन उल हक और यश ठाकुर से जिम्मेदारी उठाने की उम्मीद थी।

आगामी टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने की मुहिम में जुटे रवि बिश्नोई टीम के आईपीएल में शुरूआती मैच में साधारण दिखे। कप्तान राहुल ने भी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाने का फैसला किया और वापसी वाले मैच में 58 रन की पारी खेली जिससे वह अगले मैच में इससे और बेहतर करना चाहेंगे। साथ ही वह उम्मीद करेंगे कि उनकी सलामी जोड़ीदार क्विंटन डिकॉक पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी करे। टीम को देवदत्त पडीक्कल, आयुष बडोनी, दीपक हुड्डा और क्रूणाल से भी निचले क्रम में अच्छे प्रदर्शन की आसहोगी।

एलएसजी की सफलता आस्ट्रेलियाई आल राउंडर मार्कस स्टोइनिस की फॉर्म पर भी निर्भर होगी जो पिछले साल 408 रन बनाकर टीम के लिए सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे थे। वहीं पंजाब किंग्स ने अभी तक दो में एक में जीत हासिल की जबकि एक




में उसे हार मिली। शिखर धवन की अगुआई वाली टीम को पावरप्ले में रन गति में तेजी लाने की जरूरत है और ऐसा तभी होगा जब पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो धमाकेदार बल्लेबाजी करें।

सिर्फ आईपीएल में खेलने वाले धवन को भी आगे अपने स्ट्राइक रेट में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने खुद ही स्वीकार किया था कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बल्लेबाजी धीमी रही थी। प्रभसिमरन सिंह अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाये हैं। वहीं आल राउंडर सैम करन ने दोनों मैच में बल्ले से अपना कौशल दिखाया है लेकिन वह गेंदबाजी में ऐसा कमाल नहीं कर पाये हैं। उप कप्तान जितेश शर्मा भी टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटे हैं लेकिन राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को लुभाने के लिए उन्हें भी अच्छा प्रदर्शन दिखाना होगा।

तेज गेंदबाजी विभाग में कागिसो रबाडा को करन, अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल से और अधिक सहयोग की उम्मीद होगी। बायें हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार प्रभावी रहे जबकि लेग स्पिनर राहुल चाहर को अच्छी गेंदबाजी करनी होगी।

### टीम इस प्रकार हैंः-

**लखनऊ सुपर जाइंट्सः-** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरण, आयुष बडोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मोहम्मद अरशद खान

**पंजाब किंग्सः-** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करन, कागिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी, रिले रोसोऊ।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पीसीबी ने डबलिन में टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान के आयरलैंड दौरे की घोषणा की

**करांची,29 मार्च 2024।** पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम 2018 के बाद पहली बार टी 20आई श्रृंखला खेलने के लिए आयरलैंड का दौरा करेगी क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने तीन मैचों की श्रृंखला के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। सीरीज के तीनों मैच 10 से 14 मई तक डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2018 में आयरलैंड के उद्घाटन टेस्ट मैच के लिए आयरलैंड का दौरा किया था। यह आखिरी बार था



जब दोनों टीमें सभी प्रारूपों में मिली थीं। यह श्रृंखला पाकिस्तान और आयरलैंड के बीच पहली बहु-मैच द्विपक्षीय टी20ई भिड़ंत होगी।

### अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने फॉर्म में चल रहे फैबियन मारोज्सन को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**मियामी,29 मार्च 2024।**अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने सुनिश्चित किया कि चल रहे मियामी ओपन में फैबियन मारोज़सन की दो शीर्ष 10 जीतें हैट्रिक न बनें। विश्व के पांचवें नंबर के खिलाड़ी ने हंगेरियन के खिलाफ 6-3, 7-5 से जीत हासिल की, जिसने पहले अंतिम आठ में पहुंचने के लिए शीर्ष 10 सितारों होल्गर रूण और एलेक्स डी मिनौर को हराया था। ज्वेरेव ने एक घंटे



और 37 मिनट के मैच के दौरान पहले पाओ के 80 प्रतिशत अंक जीते। एटीपी के हवाले से ज्वेरेव ने कहा, मैं इन टूर्नामेंटों के अंतिम चरण में वापस आकर खुश हूं, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेल रहा हूं, मुझे लगता है कि केवल वही बचे हैं। चुनौती का इंतजार कर रहा हूं। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने मैरोज़ान की 23 के मुकाबले केवल 10 अप्रत्याशित गलतियाँ कीं। ज्वेरेव ने गेंद पर हंगरी के शुरुआती कटों को विफल करने के लिए एक आक्रामक बेसलाइन मुद्रा बनाए रखी, जिससे उन्हें मैरोज़ान के कई उत्कृष्ट ड्रॉप शॉट्स का पीछा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। अगर वह इसी तरह खेलता रहा, तो वह रैंकिंग में बहुत तेजी से ऊपर उठेगा। वह हमेशा [आपको] दौड़ाता है... मुझे लगता है कि जब सभी शीर्ष खिलाड़ियों को लगता है कि वे नियंत्रण में हैं, तो उन्हें ऐसा लगता है कि वे मैच का प्रबंधन करते हैं और खेलते हैं ज़्वेरेव ने कहा, उनके अपने पक्ष में और उनके खिलाफ थोड़ा सा मैच करना संभव नहीं है।

## बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी मियामी ओपन पुरुष युगल के फाइनल में पहुंची

**मियामी,29 मार्च 2024।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। आस्ट्रेलियाई ओपन के विजेता बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1 6-4 की जीत के दौरान जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा।



फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को 6-4 6-7(7) 10-7 से मात दी। बोपन्ना दुबई चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में मिली हार और इंडियन वेल्स मास्टर्स के राउंड 32 से बाहर होने से युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गये थे लेकिन इस जीत से उन्हें सोमवार को अपडेट होने वाली रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंचने में मदद मिलेगी। आस्ट्रेलियाई ओपन की जीत के बाद 44 वर्षीय बोपन्ना एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गये थे। बोपन्ना के लिए यह उनका 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल और मियामी का पहला फाइनल होगा। यह उनका एटीपी टूर स्तर का 63वां फाइनल होगा। वह अभी तक 25 युगल खिताब जीत चुके हैं। बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी का यह एटीपी मास्टर्स 1000 का पांचवां फाइनल होगा। बोपन्ना ने साथ ही एक और उपलब्धि भी अपने नाम की, वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गये।

## ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट में देश की दिग्गज टीमें होंगी आमने-सामने

**झुंझुनूं,29 मार्च 2024।**अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ और जगदीशप्रसाद झाबरमल टिबड़ेवाला विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जेजेटी यूनिवर्सिटी में 30 मार्च से ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन करवाया जाएगा। इस चैंपियनशिप में देश के 8 जोन की पहले व दूसरे स्थान पर रहने वाली यूनिवर्सिटी की टीमें आमने-सामने होंगी। चैंपियनशिप के दौरान पहले लीग व इसके बाद नॉक आउट मुकाबले होंगे।जेजेटी यूनिवर्सिटी के प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने बताया कि यूनिवर्सिटी कैंपस में 30 मार्च से 8 अप्रैल तक ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप (पुरूष वर्ग) का आयोजन करवाया जा रहा है। चैंपियनशिप में देश के आठ जोन की 16 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें 4 पूल में जगह दी गई है। हर जोन में पहले व दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें पहले लीग मुकाबले खेलेंगी और इसके बाद नॉक




आउट में जगह बनाने वाली टीमें चैंपियनशिप जीतने के मकसद से मैदान में उतरेंगी।

## हीरो इंडियन ओपन में टॉप-15 में तीन भारतीय

**गुरुग्राम,29 मार्च 2024।** हीरो इंडियन ओपन में नियमित रूप से भाग लेने वाले नीदरलैंड के जोस्ट लुइटेन ने 7-अंडर 65 का स्कोर किया और फिर डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में संयुक्त बढ़त बना ली।लुइटेन डीपी वर्ल्ड टूर पर छह बार के विजेता हैं, लेकिन 2018 के बाद से टूर पर विजेता नहीं रहे हैं। पहले दौर के अंत में, संयुक्त लीडर्स में जापान की अविश्वसनीय युवा प्रतिभा, कीता नकाजिमा और नीदरलैंड के माटेओ मनासेरो शामिल हैं। इसके बाद 2009 में एक और पूर्व विश्व नंबर 1 शौकिया मनासेरो, जो 2012 तक यूरोप में तीन बार जीतने वाले पहले किशोर बन गए। फिर इस महीने की शुरुआत तक उन्हें जीत नहीं मिली. उनके बोगी-मुक्त 65 ने संकेत दिया कि उनका पुनरुत्थान जारी है।4-अंडर और संयुक्त-14 के समूह में तीन भारतीय शामिल हैं - अमन राज और ओम प्रकाश चौहान, जिनके पास इस कोर्स में अपने सर्वश्रेष्ठ कार्ड थे, और करणदीप कोचर, जो बाद में उनके साथ शामिल हुए।शीर्ष क्रम के भारतीय शुभंकर शर्मा ने बोगी के साथ शुरुआत की, लेकिन सर्दी और हल्के शरीर दर्द के बावजूद, उन्होंने 2-अंडर 70 का स्कोर पूरा किया और गगनजीत भुल्लर की तरह संयुक्त -34 पर हैं। शर्मा और भुल्लर भारत से पेरिस ओलंपिक के लिए दौड़ में सबसे आगे हैं।2015 के पूर्व विजेता अनिर्बान लाहिड़ी के लिए 5 ओवर भूलने लायक रहे, जिसमें 13वें होल, दिन का उनका चौथा होल और नौवां, जो उनका समापन होल था, में बर्डी को छोड़कर खुशी के बहुत कम क्षण थे। वह संयुक्त -127वें स्थान पर हैं और दूसरे दौर में जल्दी बाहर होने की कगार पर हैं।



## धोनी के क्विक-रिफ्लेक्स डाइविंग कैच से हैरान रह गए स्टीव स्मिथ

**चेन्नई,29 मार्च 2024।** हालांकि सीएसके की पारी पूर्व सीएसके कप्तान एमएस धोनी के खेले बिना समाप्त हो गई, लेकिन महान विकेटकीपर-बल्लेबाज ने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ मैच के दौरान विजय शंकर के एक सनसनीखेज डाइविंग कैच के साथ प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया। धोनी ने स्टंप के पीछे शानदार डाइविंग पकड़ के साथ अपनी त्वरित प्रतिक्रिया का प्रदर्शन किया, जिससे घरेलू दर्शक खुशी से झूम उठे।



स्टंप के पीछे धोनी के शानदार प्रयास ने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को आश्चर्यचकित कर दिया और ऑस्ट्रेलियाई ने 42 वर्षीय की विकेटकीपिंग क्षमता की सराहना की। स्मिथ ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव शो में कहा, हाँ, घड़ी को पीछे घुमाया, है ना? बस वहां एक गोता लगाया, यह 2.27 मीटर था, यह कवरेज पर आया, यह एक शानदार कैच था। वह थोड़ा करीब खड़ा था क्योंकि डैरिल मिशेल सबसे तेज़ गेंदबाज़ नहीं है, इसलिए वह अच्छा और चुस्त था, उसके पास प्रतिक्रिया करने के लिए बहुत अधिक समय नहीं था, लेकिन उसकी प्रतिक्रियाएँ निश्चित रूप से अभी भी हैं, है ना? ग्राउंड को अच्छी तरह से कवर किया और कैच बस उस दाहिने हाथ में फंस गया।

इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड भी धोनी की सराहना करने में शामिल हो गए, उन्होंने कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज के पास उस विशेष मैच में बल्लेबाजी किए बिना भी खेल को तुरंत प्रभावित करने या बदलने की उल्लेखनीय क्षमता है।


ब्रॉड ने कहा, वह अभी भी बहुत अच्छा है, है ना? वह खेल का एक दिग्गज है। मुझे एमएस के लिए लगता है, उसे एक मैच में बल्लेबाजी करने की ज़रूरत नहीं है और फिर भी वह एक ऐसा क्षण निकाल लेता है जो एक मिनट से भी कम समय में खेल को बदल देता है। दूसरा। उनकी टीम के साथी उनके लिए खुशी से झूम उठे और चेन्नई की भीड़ ने इसे पसंद किया, इसलिए यह रात का एक शानदार पल था।



## पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वॉलिफाई

**नई दिल्ली,29 मार्च 2024।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने आगामी पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वॉलीफाई किया है। दरअसल, सिंधु और लक्ष्य ने एमएस खिलाड़ी के तौर पर ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया है। जहां पीवी सिंधु को हाल ही में हुए ऑल इंग्लैंड चैंपियशिप में महिला एकल के दूसरे में अपनी प्रतिद्वंद्वी कोरिया के एन से यंग से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु मैच के दौरान एक समय अच्छी लय में दिख रही थीं और उन्होंने टॉप रैंकिंग की खिलाड़ी के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया, लेकिन वह अपनी गलतियों पर अंकुश लगाने में असफल रहीं और 42 मिनट तक चले मुकाबले को 19-21, 11-21 से हार गईं। हालांकि, इसके बावजूद ये माना जा रहा है कि भारत की ये स्टार शटलर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में सफल हो गई है। वहीं लक्ष्य सेन ने इस टूर्नामेंट में हार का सामना किया। उन्हें इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी ने तीन गेम तक चले मुकाबले में 21-12, 10-21, 21-15 से हराया। लक्ष्य सेन के हालिया पुनरुत्थान से उन्हें 64021 अंकों के साथ आरटीपी 12 तक पहुंचने में मदद मिली है। किदांबी श्रीकांत के स्विस ओपन में पहुंचने से उन्हें 27 (47943 अंक) से आगे बढ़ने में मदद मिलेगी, लेकिन जैसा कि आप कुल अंकों के साथ देख सकते हैं, अंतर अब बहुत बड़ा है।

## फिल्म ओजी से सामने आया इमरान हाशमी का फर्स्ट लुक




### टाइगर 3 के बाद फिर विलेन बनेंगे एक्टर

बॉलीवुड के पॉपुलर एक्टर इमरान हाशमी अपनी सीरियल किसर वाली इमेज के साथ इमरान ने खूब पॉपुलैरिटी बटोरी। कभी एक्टर बनने की चाह ना रखने वाले इमरान आज ना सिर्फ बॉलीवुड में छाए हैं बल्कि साउथ की फिल्मों में भी छाने वाले हैं। इमरान हाशमी की आने वाली तेलुगु फिल्म दे कॉल हिम ओजी को हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में इमरान हाशमी विलेन का किरदार निभा सकते हैं। फिल्म से उनका पहला लुक सामने आया है।.इमरान हाशमी ने फिल्म दे कॉल हिम ओजी से अपना लुक शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, गंभीरा, सुना है तू बंबई आ रहा है। वादा करता हूं, हम दोनों में से किसी एक का सिर जरूर कटेगा। इसके साथ ही इमरान ने पवन कल्याण को टैग भी किया है क्योंकि फिल्म में पवन कल्याण लीड एक्टर हैं। सुजीत के निर्देशन में बन रही फिल्म दे कॉल हिम ओजी में पवन कल्याण अहम रोल निभाते नजर आएंगे। वहीं इमरान हाशमी के लुक को देखकर लगता है कि वे इस फिल्म में विलेन का रोल प्ले करते नजर आएंगे। फिल्म ओजी 27 सितंबर 2024 को रिलीज होगी और फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बॉलीवुड में सीरियल किसर के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले इमरान हाशमी ने पिछले कुछ सालों में अपनी इमेज बदली है। उनकी पिछली रिलीज फिल्म टाइगर 3 थी और उसमें भी उन्होंने विलेन का ही रोल प्ले किया था। इमरान के लुक और एक्टिंग की चर्चा सोशल मीडिया पर खूब रही और लोगों ने उनके काम की तारीफ भी की.इमरान हाशमी ने बॉलीवुड में मर्डर, मर्डर 2, हमारी अधूरी कहानी, राजः द मिस्ट्री, आवारापन, आशिक बनाया आपने, जन्नत, गैंगस्टर जैसी फिल्में की हैं. इमरान हाशमी की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म ए वतन मेरे वतन है जो ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम कर रही है।

## बोल्डनेस छोड़ सिंपल लुक में नजर आईं नोरा फतेही

बी-टाउन की फेमस एक्ट्रेस और डांसर नोरा फतेही हमेशा अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका सादगी भरा अंदाज देखकर फैंस का एक बार फिर से दिल मचल गया है। साथ ही उनकी तस्वीरों पर से लो नजरें भी नहीं हटा पा रहे हैं। नोरा फतेही अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने डांस को लेकर मशहूर हैं। उनका हर एक अंदाज इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही चंद मिनटों में वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट सिंपल लुक में तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। नोरा फतेही ने इस फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर का फ्लोरल सूट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी स्टनिंग और गॉर्जियस नजर आ रही हैं। ओपन हेयर को वेवी स्टाइल लुक देकर, कानों में छोटे इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।



बता दें कि एक्ट्रेस नोरा फतेही सेशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग लिस्ट है। एक्ट्रेस नोरा फतेही को हर बार बोल्ड लुक में देखा जाता है लेकिन इस बार एक्ट्रेस को एथनिक लुक में देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। नोरा फतेही की इन फोटोज पर एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा- नामुमकिन...असंभव तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा क्या खूब लगती हो।




## फिल्म चमकीला का ट्रेलर जारी

### अमर सिंह चमकीला के किरदार में खूब जंचे दिलजीत दोसांझ

इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी फिल्म अमर सिंह चमकीला पिछले लंबे वक्त से चर्चा में है। यह फिल्म पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की बायोपिक है।इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की जोड़ी बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।अब इम्तियाज ने अमर सिंह चमकीला का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे दर्शकों का प्यार मिल रहा है।चमकीला के किरदार में दिलजीत जंच रहे हैं। परिणीति फिल्म में चमकीला की पत्नी अमरजोत बनी हैं।अमर सिंह चमकीला सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस फिल्म को आप 12 अप्रैल से देख सकते हैं।इम्तियाज ने मोहित चौधरी के साथ मिलकर फिल्म का निर्माण किया है।अमर सिंह चमकीला को पंजाब के अब तक के सबसे अच्छे लाइव स्टेज परफॉर्मर्स में से एक माना जाता है। वह गांव के दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय थे।चमकीला एक बेखौफ गायक थे, जो अपनी बातों को अपने गीतों के जरिए समाज के सामने परोसते थे।8 मार्च, 1988 का दिन चमकीला के प्रशंसक कभी नहीं भूल सकते। 27 वर्षीय चमकीला अपनी पत्नी अमरजोत संग कार में जालंधर से महसामपुर में लाइव परफॉर्मेंस के लिए गए थे, लेकिन कार से बाहर निकलते ही दोनों को गोलियों से छलनी कर दिया गया

**संक्षिप्त खबर**

### कांग्रेस का राजधानी में विशाल प्रदर्शन आज



**रायपुर,29 मार्च 2024(ए)।** भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को विफल करने विपक्षी दलों का दमन किया जा रहा, विपक्ष को आर्थिक रूप से कमजोर करने साजिश किया जा रहा है। राष्ट्रीय आम चुनाव की पूर्व संध्या पर प्रमुख राष्ट्रीय विपक्षी दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करने का अवैध प्रयास एक महीने से अधिक समय तक चला। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को आईटी विभाग से 1823.08 करोड़ रूपये का भुगतान करने के लिए ताजा नोटिस मिला। पहले ही आईटी विभाग ने कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रूपये निकाल लिए हैं। लोकतंत्र पर इस गंभीर हमले और महत्वपूर्ण लोकसभा चुनावों के बीच कांग्रेस पार्टी पर कर आतंकवाद थोपे जाने के विरोध में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में दिनांक 30 मार्च 2024 को बड़े पैमाने पर सार्वजनिक रूप से मशाल जुलूस के साथ विरोध प्रदर्शन किये जाने का निर्णय लिया है। साथ ही अगले दिन स्थानीय वरिष्ठ नेताओं और पार्टी पदाधिकारियों को शामिल करते हुए कांग्रेस पार्टी के उम्मीद्वारों के नेतृत्व में सभी निर्वाचन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

# सपना दिखाने वाले बिल्डरों पर रेरा ने कसा नकेल

## रेरा ने बिल्डरों से कहा जो वादा किया है उसे तो निभाना ही पड़ेगा...

**रायपुर,29 मार्च 2024(ए)।** बिल्डर द्वारा जब किसी कॉलोनी का प्रोजेक्ट ब्रोशर में दिखाया जाता है तो उसमें बड़े-बड़े वादे किये हुए होते है, ऐसा लगता है मानो 'सपनों का घर' मिल ही जायेगा, मगर जब हकीकत सामने आती है, तो मकान खरीदने वाला परेशान हो जाता है। ऐसे ही बिल्डर्स पर नकेल कसने के लिए रियल इस्टेट रेगुलरिटी अथॉरिटी 'रेरा' का गठन किया गया है। रेरा ने इसी तरह के एक मामले में मारुति इंफ्रा सिटी द्वारा धोखा देने की शिकायत के बाद आदेश दिया है कि मकान और कॉलोनी के संबंध में ग्राहक से जो भी वादे किये गए थे, उसे वह अक्षरशः पूरा करें। राजधानी रायपुर में एक बार फिर आपके सपनों का घर जैसे झूठे वादे करके मारुति इंफ्रा सिटी द्वारा धोखा देने का मामला सामने आया है। इस प्रकरण के संबंध में की गई शिकायत के मुताबिक चांगोराभाठा निवासी श्रीमती संतोषी साहू ने महादेव घाट के समीप ग्राम सांकरा में स्थित मारुति इंफ्रा सिटी में भूखंड क्रमांक एल-01 को खरीदने का सौदा किया था, जिसमें मारुति इंफ्रासिटी द्वारा मकान को सर्व सुविधाओं से परिपूर्ण होना बताकर 1,62,766 रुपए में बुक किया गया।




### 18 महीने में मकान देने का वादा 60 माह में भी

मारुति इंफ्रासिटी द्वारा 18 महीने में मकान तैयार करने का वादा किया गया था, लेकिन 60 महीने मतलब 5 साल बाद भी मकान तैयार नहीं हो पाया है। कुल मिलाकर मारुति इंफ्रा सिटी ने रेरा अधिनियम 2016 का स्पष्ट उल्लंघन किया, साथ ही ब्रोशर और अपने विज्ञापन सामग्री में उल्लेखित वायदों को भी समय सीमा में पूर्ण करने में असफल रहा।

पीड़िता संतोषी साहू ने रेरा के समक्ष अपनी पीड़ा दर्ज कराई जिस पर संज्ञान लेते हुए और संपूर्ण जानकारी के बाद रेरा ने मारुति इंफ्रा सिटी को नोटिस जारी करते हुए दो माह के भीतर आवेदिका को सर्व सुविधायुक्त मकान का आधिपत्य देने का निर्णय सुनाया है।

इस मामले में दूसरा पक्ष शैली एस्टेट्स एण्ड डेव्हलपर्स, द्वारा- राकेश कुमार सोनी, निवासी-प्लॉट क्रं.-337532, सांई चेम्बर, श्याम नगर रोड, तेलीबांधा, रायपुर और श्रीमती परगुन छाबड़ा, पति- मोनेन्द्र छाबड़ा, निवासी-मारूति इन्फ्रा सिटी, द्वितीय तल, कृष्णा कॉम्पलेक्स, मेन रोड शंकर नगर शामिल हैं।

### रेरा ने कहा दो महीने में पूरे करें ये वादे

रेरा ने इस मामले की सुनवाई के बाद जो फैसला सुनाया है, उसमें दो माह के भीतर मारुती इंफ्रा सिटी में वादे के मुताबिक पूरी सुविधाएं देने को कहा गया है। इनमें स्पॉट पार्क, टेम्पल पार्क, जॉगर्स पार्क, खेल उपकरण के साथ चिल्ड्रेन पार्क, स्ट्रीट लाइट के साथ सड़क के किनारे वृक्षारोपण, उपकरण के साथ हेल्थ क्लब, नाली के साथ कंक्रीट सड़कें, आर.सी.सी. नियमित पानी सुनिश्चित करने के लिए ओवरहेड टैंक से पानी आपूर्ति, बाहरी विद्युतीकरण नेटवर्क, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, आउटडोर- लॉन टेनिस कोर्ट, नेट क्रिकेट, वॉलीबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, जॉगर्स पार्क, चिल्ड्रन पार्क, टेम्पल पार्क, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, स्कूल के लिए प्रस्तावित भूमि, अस्पताल की सुविधा शामिल है।

### मकान 2 माह के भीतर बनाकर ये सुविधाएं भी दें

रेरा ने अपने आदेश में कहा है कि आवेदिका महिला को 2 महीने के भीतर माकन का निर्माण पूरा करके तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराएं, जो ब्रोशर में बताई गई थीं। इनमें क्रमशः 1. हर बेडरूम में एसी (1.5 टन सैमसंग) 2. हर कमरे में गद्दे के साथ डबल बेड 3. चादर और तकिए 4. हर बेडरूम में अलमारी 5. ड्रेसिंग टेबल 6. खिड़कियों और दरवाजों के लिए पर्दे 7. हॉल और बेडरूम में पीओपी 8.5 सीटर चाय टेबल के साथ सोफा सेट 9. डाइनिंग टेबल-ग्लास टॉप 10. फ्रिज 192 लीटर। सिंगल डोर (सैमसंग) 11. वॉशिंग मशीन-सेमी ऑटो 6 किग्रा 12. एलईडी टीवी 32 (सैमसंग) 13. हॉल में टीवी शोकेस 14. लाइट और पंखे 15. सेमी हाफ मॉड्यूलर किचन 16. चिमनी 17. गैस स्टोव और सिलेंडर 18. पानी प्यूरिफायर 19. माइक्रोवेव 20. मिक्सर ग्राइंडर 21. कलर कंप्लीशन शामिल हैं।

### कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश

रेरा ने अपने रजिस्ट्रार को यह आदेशित किया है कि अनावेदक क्रमांक-01 राकेश कुमार सोनी के विरूद्ध अधिनियम की धारा-3 के उल्लंघन के लिये पृथक से प्रकरण दर्ज करते हुये उसके विरूद्ध कारण बताओं नोटिस जारी कर प्रकरण संस्थित करे। इसके साथ यह भी कहा गया है कि आवेदिका पृथक से अनावेदक क्रमांक-01 के विरूद्ध धारा-12 का उल्लंघन करने पर (फ र्म-एन) में क्षतिपूर्ति हेतु छ.ग. भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के न्याय निर्णायक अधिकारी के समक्ष प्रतिकर हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकती हैं।

कुल मिलकर मारुती इंफ्रा के बिल्डर को झूठे वादे भारी पड़ गए हैं। अब देखना ये है कि रेरा के इस कड़े फैसले के बाद प्रदेश भर में बिल्डरों की धोखाधड़ी के शिकार और कितने लोग सामने आते हैं।

### जमा रकम का ब्याज सवा 5 लाख रूपये करें भुगतान...

रेरा ने यह आदेश भी दिया है कि रजिस्ट्री शुल्क की समतुल्य राशि 21,100/- रूपये 45 दिन के भीतर आवेदिका को वापिस करें। साथ ही आवेदिका द्वारा प्रदत्त राशि 11,98,600/- रूपये पर अधिनियम की धारा-18, नियम-17 के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक के गृह निर्माण त्रृण पर प्रचलित महत्तम ब्याज दर 8.85 प्रतिशत + 2 प्रतिशत अर्थात 10.85 प्रतिशत ब्याज दर से 04 वर्ष के लिये ब्याज 5,20,192/- रूपये 45 दिवस के भीतर भुगतान करें।

# भूपेश बघेल के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत

» प्रचार पर रोक लगाने की मांग

» बैलेट पेपर से मतदान को लेकर भूपेश बघेल ने दिया था बयान

**रायपुर,29 मार्च 2024(ए)।** कांग्रेस से राजनांदगांव लोकसभा सीट के उम्मीदवार भूपेश बघेल लगातार अपने ही पार्टी कार्यकर्ताओं के बाद अब भाजपा के निशाने पर आ गए है। भूपेश बघेल की मुसीबतें कम होने के बजाय लगातार बढ़ती ही जा रही है। एक के बाद एक आरोप लगने के बाद भूपेश बघेल की अब निर्वाचन आयोग से शिकायत की गई है।दरअसल भूपेश बघेल के एक ही सीट से 375 से अधिक उम्मीदवार खड़े करके मतपत्र से चुनाव कराने की नसीहत देने वाले बयान को लेकर जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार पाध्ये ने जिला निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की है और मामले में संज्ञान लेते हुए प्रदेश के किसी भी स्थान पर चुनाव प्रचार पर रोक लगाने की मांग की है।




राजेंद्र कुमार पाध्ये ने अपने शिकायती पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिला अंतर्गत पाटन विधानसभा क्षेत्र के विधायक भूपेश बघेल जो राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित हैं, उन्होंने दिनांक 26 मार्च 2024, मंगलवार को पाटन विधानसभा के आमालोरी गांव में आयोजित कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में भारत निर्वाचन आयोग के खिलाफ भड़काऊ बयान जारी करते हुए इस आशय का सार्वजनिक बयान दिया है कि अगर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में 375 से अधिक कैंडिडेट होंगे तो निर्वाचन आयोग को राजनांदगांव में बैलेट पेपर से मतदान करवाना होगा। इसलिए पाटन क्षेत्र के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में जाकर नामांकन दाखिल करें।

# विचाराधीन बंदी रायपुर कोर्ट से हुआ फरार

### एसएसपी ने लापरवाही करने वाले 2 कांस्टेबल को किया सस्पेंड

**रायपुर,29 मार्च 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी में कोर्ट परिसर में पुलिस को चकमा देकर एक विचाराधीन बंदी फरार हो गया। बताया जा रहा है कि कोर्ट के लॉकअप से कोर्ट रूम ले जाने के दौरान मौका पाकर कैदी फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। आनन फानन में इस कैदी के फरार होने की जानकारी पुलिस को दी गयी। उधर ड्यूटी पर तैनाती के दौरान लापरवाही करने वाले 2 कांस्टेबल को एसएसपी संतोष सिंह ने सस्पेंड कर दिया है।जानकारी के मुताबिक पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। गुरूवार को विचाराधीन बंदी प्रदीप आदिनाथ को रायपुर कोर्ट में पेशी में लाया गया था। जहां कोर्ट के लॉकअप में लाकर उसे बंद किया गया था। पेशी का नंबर आने के बाद ड्यूटी पर तैनात दो कांस्टेबल बंदी को लेकर कोर्ट रूम के लिए रवाना हुए थे।इसी दौरान शातिर बंदी ने पुलिस जवानों को चकमा देकर कोर्ट परिसर से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। आनन फानन में घटना की जानकारी सिविल लाइन पुलिस थाने में दी गयी। जिसके बाद पुलिस ने फरार बंदी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। उधर कोर्ट परिसर से विचाराधीन बंदी के फरार होने के मामले में एसएसपी संतोष सिंह ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले 2 आरक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।




# निर्दलीय प्रत्याशियों के लिए अजब-गजब चुनाव चिन्ह

### टूथ पेस्ट से लेकर मोबाइल और चार्जर सहित देखें 190 तय चिन्हों की सूची

**रायपुर,29 मार्च 2024(ए)।** किसी भी चुनाव में राजनीति विशेष रुप से चुनावों में चिन्ह का बहुत ज्यादा महत्व होता है। इसी चिन्ह के जरिए प्रत्याशी वोटरों को अपना चुनाव चिन्ह बता कर रही वोट देने की अपील करते हैं। वहीं मतदान के दौरान वोटर भी प्रत्याशी के नाम से ज्यादा चिन्ह पर भरोसा करता है। क्षेत्रीय पार्टियों के भी अलग-अलग चुनाव चिन्ह होते हैं। इसी कड़ी में निर्दलीय प्रत्याशियों के लिए इस बार निर्वाचन आयोग ने 190 चुनाव चिन्ह बनाए हैं।आम चुनाव से लेकर विधानसभा, निकाय और पंचायत चुनावों में बड़ी संख्या में निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव लड़ते हैं। चुनाव आयोग ने ऐसे प्रत्याशियों के लिए 190 चिन्ह तय कर रखा है। नामांकन जमा करने के दौरान निर्दलीय प्रत्याशियों को आयोग की सूची के हिसाब से चुनाव चिन्ह को लेकर अपनी पसंद बतानी होती है। इसके आधार पर आयोग निर्दलीय प्रत्याशी को चुनाव चिन्ह आवंटित करता है। देश में 6 राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय पार्टी के रुप में मान्यता मिलती हुई है। इनमें आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट), इंडियन नेशनल कांग्रेस और नेशनल पिपुल्स पार्टी शामिल है। वहीं, अलग-अलग राज्यों में क्षेत्रीय पार्टी भी हैं।




# 3 अप्रैल को सुकमा-बीजापुर बंद का नक्सलियों ने किया आह्वान

**सुकमा,29 मार्च 2024(ए)।** एक तरफ छत्तीसगढ़ के नक्सली क्षेत्रों में नक्सलियों का आतंक लगातार जारी है।वही दूसरी ओर बीते दिनों बीजापुर के चिपुरभट्टी में हुई मुठभेड़ को नक्सलियों ने फर्जी बताया है। मुठभेड़ के विरोध में 3 अप्रैल को सुकमा-बीजापुर जिले में बंद बुलाया है। जिसमें उन्होंने दो पार्टी कार्यकर्ता समेत 6 निहत्थे लोगों को गोली मारने का आरोप लगाया है।बीते दिनों बीजापुर के चिपुरभट्टी में नक्सलियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। नक्सलियों ने दो पार्टी कार्यकर्ताओं समेत 6 निहत्थे को गोली मारने का आरोप लगाया। दक्षिण बस्तर डिविजन कमेटी के सचिव गंगा ने बयान जारी किया है।



# रायपुर से जगदलपुर हवाई यात्रा की शुरुआत 31 मार्च से

**रायपुर,29 मार्च 2024(ए)।** जगदलपुर के लिए काफी दिनों से हवाई सेवा की राह देख रहे यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। 31 मार्च से रायपुर से जगदलपुर के लिए उड़ान शुरू होने वाली है। इंडिगो एयरलाइंस द्वारा यह उड़ान शुरू की जा रही है। साथ ही इसके अगले दिन यानी एक अप्रैल से जगदलपुर से हैदराबाद के लिए भी उड़ान शुरू होगी।बताया जा रहा है कि रायपुर से जगदलपुर की हवाई यात्रा 2,299 रुपये में की जा सकती है। ट्रैवल्स संचालकों का कहना है कि काफी समय से रायपुर से जगदलपुर के लिए हवाई सेवा की मांग की जा रही थी। मालूम हो कि रायपुर से जगदलपुर के लिए यात्री सप्ताह में चार दिन उड़ान भर सकेंगे। वहीं जगदलपुर से हैदराबाद के लिए यात्री सातों दिन उड़ान भर सकेंगे।




इंडिगो एयरलाइंस द्वारा ही ये उड़ानें शुरू की जा रही हैं।विमानन कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार फ्लाइट क्रमांक 6ई7104 हैदराबाद से जगदलपुर के लिए सुबह 10ः50 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 12ः30 बजे जगदलपुर पहुंचेगी। यह फ्लाइट सप्ताह में सातों दिन उड़ान भरेगी। इसके साथ ही फ्लाइट क्रमांक 6ई 7105 जगदलपुर से दोपहर 12ः 50 बजे उड़ान भरेगी और हैदराबाद दोपहर 2:25 बजे पहुंचेगी। फ्लाइट क्रमांक 6ई 7092 जगदलपुर से दोपहर 12:50 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 1:50 बजे रायपुर पहुंचेगी। इसके बाद फ्लाइट क्रमांक 6ई 7095 रायपुर से दोपहर 2:10 बजे उड़ान भरेगी और जगदलपुर दोपहर 3:10 बजे पहुंचेगी।

# आचार संहिता के बाद प्रदेश भर में अब तक 25 करोड़ तक का शराब जब्त

**रायपुर,29 मार्च 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के 11 सीटों पर होने जा रहे लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जा रहा हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निगरानी दलों द्वारा सघन जाँच की कार्यवाही लगातार जारी है।



राज्य में लोकसभा आम निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से अब तक 25 करोड़ 8 लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा निगरानी के दौरान 28 मार्च तक 5 करोड़ 28 लाख रुपए की नगद धन राशि जब्त की गई हैं।इस दौरान 17311 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 41 लाख रुपए है। सघन जाँच अभियान के दौरान एक करोड़ 48 लाख रुपए कीमत के 784 किलोग्राम मादक पदार्थ तथा 94 लाख रुपए कीमत के 23 किलोग्राम कीमती आभूषण भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त 16 लाख 96 हजार रुपए कीमत की अन्य सामग्रियां भी जब्त की गई हैं।

# कोल लेवी, सट्टा और शराब घोटाले के आरोपियों से जेल में होगी पूछताछ, एसीबी को कोर्ट से मिली 5 दिनों की अनुमति




**रायपुर,29 मार्च 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 15 हजार करोड़, पांच सौ करोड़ के कोल लेवी घोटाला और तीन हजार करोड़ के शराब घोटाले मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो अपनी जांच को आगे बढ़ाएगी।

एंटी करप्शन ब्यूरो ने विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत से इन तीनों ही घोटालों में जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ की अनुमति ले ली है। एसीबी के अफसर पांच दिनों तक सभी आरोपियों से अलग अलग पूछताछ करेंगे।

# मुखबिरी के शक में आदिवासी युवक की हत्या

### नक्सलियों ने सक पर फेंकी लाश मुखबिरी करने वालों का हश्र को लेकर नक्सलियों ने चेताया

**राजनांदगांव,29 मार्च 2024(ए)।** पुलिस मुखबिरी के शक में महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में एक आदिवासी युवक की हत्या का मामला सामने आया है। शुक्रवार तड़के युवक का शव राष्ट्रीय राजमार्ग पर मिला। नक्सलियों ने युवक की गला दबाकर हत्या की है। मिली जानकारी के मुताबिक भामरागढ़-आलापल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग में ताड़ग़ांव से लगभग 7 किमी दूर अशोक तलांडे नामक आदिवासी युवक का शव मिला।मौके पर नक्सल पर्चा भी फेंका गया है। बताया गया है कि अशोक दामरंचा का रहने वाला था। वह पिछले कुछ दिनों से ताड़ग़ांव में रह रहा था। पुलिस मुखबिरी के आरोप में नक्सलियों ने उसकी हत्या कर दी। पेरमिली एरिया कमेटी द्वारा फेंके गए पर्चे में ग्रामीणों को पुलिस से दूर रहने की चेतावनी दी गई है। मुखबिरी करने वालों का हश्र को लेकर भी नक्सलियों ने चेताया है। इस संबंध में नक्सल डीआईजी अंकित गोयल ने 'छत्तीसगढ़'को बताया कि नक्सलियों द्वारा हत्या की गई है। घटना की जांच की जा रही है।



# 3 माओवादियों ने किया सीआरपीएफ के सामने सरेंडर

### बे वारदातों में थे शामिल अब तक 174 इनामी माओवादी जु चुके हैं मुख्यधारा में

**दंतेवाड़ा,29 मार्च 2024(ए)।** सरकार की लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 3 माओवादियों ने सीआरपीएफ के सामने सरेंडर किया है, आत्मसमर्पित माओवादी भैरमगढ़ एरिया कमेटी के पिट्टेपाल पंचायत और मलांगेर एरिया कमेटी के रेवाली पंचायत में सक्रिय थे। समर्पित माओवादी पिट्टेपाल पंचायत डीएकेएमएस अध्यक्ष के पद पर सरकार ने 1 लाख रुपए ईनाम घोषित किया था। ये तीनों कई बड़े वारदात में शामिल थे।




समर्पित माओवादियों के नाम पिट्टेपाल पंचायत डीएकेएमएस अध्यक्ष मुन्ना भोगाम उर्फ बुंजवा एक लाख का इनाम, फुलगट्टा पंचायत सीएनएम सदस्य रमेश भोगाम और मलांगेर एरिया कमेटी अन्तर्गत रेवाली पंचायत जनताना सरकार सदस्य भीमा कुहड़ाम उर्फ अविनाश कोर्राम का आत्मसमर्पण कराने में आरएफटी सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा और 231वीं वाहिनी सीआरपीएफ का विशेष योगदान रहा।

पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा ने आत्मसमर्पित माओवादी को छत्तीसगढ़ शासन पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि और पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार का लाभ प्रदाय कराया जाएगा। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 174 इनामी माओवादी सहित कुल 685 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

# बच्चे के गले में फंसी जिन्दा मछली निकालने में डॉक्टरों के छूटे पसीने

**जांजगीर,29 मार्च 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, दरअसल नहाने के दौरान 14 साल के बच्चे के मुंह में मछली घुस गई। घटना के बाद परिजनों ने उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसे बिलासपुर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि अकलतरा क्षेत्र के करूमहु गांव के इरहने वाले कुंवर सिंह गोंड़ का 14 वर्षीय बेटा गुरुवार सुबह गांव के तालाब में नहाने गया था तभी नहाते समय नाबालिग के मुंह में मछली घुस गई, जिसके बाद तत्काल उसे 108 एम्बुलेंस की मदद से हॉस्पिटल ले जाया गया। अकलतरा अस्पताल में डॉक्टर ने मुंह में फंसी मछली को निकालने की कोशिश की, लेकिन कामयाबी हाथ नहीं लगी।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)